


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | गुरूवार, 26 दिसंबर 2024 | वर्षः 02, अंकः 311, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## तीन स्तरीय चेकिंग के बाद ही मिलेगी महाकुम्भ मेला क्षेत्र में एंट्री

**महाकुम्भनगर : नए** साल को लेकर महाकुम्भनगर में मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी के साथ महाकुम्भ मेला क्षेत्र, प्रयागराज और आसपास के जिलों में खुफिया तंत्र भी सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सुरक्षित महाकुम्भ की तैयारी पूरी कर ली गई है। गलत इरादों को लेकर यहां कोई भी प्रवेश न कर सके, इसके लिए जनपद प्रवेश के दौरान एक एक व्यक्ति की चेकिंग का इंतजाम किया गया है। सबसे जरूरी बात ये है कि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया दस्ते तैनात कर दिए गए हैं।

**खुफिया तंत्र पूरी तरह सक्रिय**

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर खास ध्यान दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जमावड़े को लेकर विशेष तैयारी की गई है। महाकुम्भनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि इस बार के महाकुम्भ को अविस्मरणीय बनाया जाए। जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और हाईटेक किया जा रहा है। महाकुम्भ पर पूरी दुनिया की नजर टिकी है। नए साल को लेकर महाकुम्भनगर की पुलिस पूरे अलर्ट मोड में आ गई है।

विशेष तौर पर मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महाकुम्भ, प्रयागराज और आसपास के जिलों में तीन स्तरीय सुरक्षा तंत्र मुस्तैद किया गया है।


# कुशासन को समाप्त कर सुशासन लाना हमारी सरकार का सबसे बड़ा संकल्प - राजनाथ सिंह

**- भारत में पहली बार विकास दर 8.4 प्रतिशत पर अटल जी के समय में पहुंची- रक्षा मंत्री**

**- देश में मोबाइल की क्रांति अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन है- राजनाथ सिंह**

**- अटल जी के द्वारा ही शुरू की गई अंत्योदय योजना गरीबों के लिए वरदान है- रक्षा मंत्री**

**- अटल जी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, यही सुशासन है- राजनाथ सिंह**





**लखनऊ**

भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। राजनाथ सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि, एक अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि, अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा। टेलीकॉम सेक्टर में क्रांति लाकर उन्होंने मोबाइल को हर हाथ तक पहुंचाने का सपना साकार किया।

रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सुशासन के तहत हुई प्रगति को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 1,500 से अधिक अनावश्यक कानूनों को समाप्त कर 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में भारत को 50वें स्थान तक पहुंचाया है। जल्द ही भारत शीर्ष 20 देशों में शामिल होगा।

डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना की सफलता पर जोर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अब गरीबों को उनके हक का पैसा सीधे उनके खातों में मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि 100 पैसा भेजने पर केवल 14 पैसा लाभार्थियों तक पहुंचता है। लेकिन मोदी सरकार ने इस भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि अटल जी और मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा, यही सुशासन है।

**रक्षा मंत्री ने की सीएम योगी की सराहना**

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने यूपी को भयमुक्त समाज बनाया है। गरीबों को मकान देने में यूपी देश में पहले स्थान पर है। 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के मकान मिले हैं, जिनमें 70% मकानों की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है, 4 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।

**सीएम योगी ने अटल जी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**

'भारत रत्न' पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। प्रदर्शनी में अटल जी के छात्र जीवन से लेकर उनके प्रभावशाली राजनीतिक सफर को क्रमवार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, भारत के विकास व समृद्धि के बड़े प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है। प्रदर्शनी में अटल जी की देशभक्ति, सेवा और अदम्य साहस को बखूबी दशार्या गया है। इसमें शामिल हर विवरण बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान की गवाही देता है। उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विरासत हमें हमेशा मार्गदर्शन देती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अटल जी से जुड़ी स्मृतियों को ताजा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी के कटआउट के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मौजूद रहे।








## पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना खखरेरु पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट थाना खखरेरु से सम्बंधित वांछित



अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार सोनकर उर्फ सत्यम सोनकर पुत्र कैलाश चन्द्र सोनकर निवासी घरवासीपुर थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

निरीक्षक श्याम सुन्दर यादव. कां0 दीपक कुमार थाना खखरेरु फतेहपुर

## एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाया गया अभियान किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़



वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## थरियांव पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना थरियांव पुलिस द्वारा थाना खखरेरु से सम्बंधित वांछित अभियुक्त रामविलाश पाल पुत्र ननका पाल निवासी रामपुर थरियांव थाना थरियांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।



**गिरफ्तार करने वाली टीम**

अरविन्द कुमार राय थानाध्यक्ष थरियांव, व0उ0नि० विनोद . का० धर्मेन्द्र कुमार।

## अवैध कच्ची शराब व 180 किग्रा0 लहन को किया गया बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अवैध शराब के निष्कर्षण, परिवहन व बिक्री रोकथाम के क्रम में बुधवार को थाना खखरेरु पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम मोहनापुर मे दबिश



दिया गया तो अभियुक्ता सविता देवी पत्नी वीरेन्द्र प्रसाद निवासी मोहनापुर थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर के कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया मे 20 लीटर अवैध कच्ची नाजायज शराब महुआ व 80 किलोग्राम महुआ लहन बरामद हुआ तथा अभियुक्ता कुसमा देवी पत्नी चन्द्रशेखर निवासी मोहनापुर थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर के कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया मे 10 लीटर अवैध कच्ची नाजायज शराब व 100 किलोग्राम महुआ लहन बरामद किया गया । बरामद लहन को मौके पर नष्ट कराया गया ।

## भारत रत्न अटल जी के जन्म दिवस पर एसपी ने माल्यार्पण किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पुलिस कार्यालय पर अटल जी के प्रतिमा पर




माल्यार्पण कर धूप दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा उनके आदर्शो तथा जीवन व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डालते हुए उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान पोखरन न्यूक्लियर टेस्ट, कारगिल युद्ध आदि की सफलता के साथ साथ अन्य क्षेत्रों विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी में महत्वपूर्ण योगदान को बताया गया। इसके अतिरिक्त भारत रत्न बाजपेयी जी के संस्कृति एवं कविता लेखन के क्षेत्र में योगदानों का जिक्र करते हुए उनके कविताओं जैसे- आओ मिल कर दिया जलाये..., गीत नया गाता हुँ...आदि के बारे मे बताया गया एवं अन्य उपलब्धियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा साइबर से सम्बन्धित अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इनसे बचाव हेतु जारी हेल्पलाइन नम्बर 1930 व साइबर अपराध रोकथाम पोर्टल के बारे में भी जागरुक किया गया।

## श्रीमद् भागवद परिवार सेवा समिति के शिविर के लिए हुआ भूमि पूजन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुंभ** नगर के वेणीमाधव मार्ग, उतरी सेक्टर-8 में श्रीमद भागवत परिवार सेवा समिति की ओर से मेला शिविर का भूमि पूजन आज हुआ । भूमि पूजन महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला तथा पूर्व सांसद अनिल शुक्ला ने किया। पूजन कार्यक्रम में पूर्व अपर आयुक्त ज्ञान प्रकाश मिश्रा, आईजी राजीव नारायण मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे हिमांशु शुक्ला, न्यायधीश मनोज भास्कर , प्रीति सिंह अध्यक्ष बाल



कल्याण समिति /न्यापीठ मजिस्ट्रेट, पुरुषार्थ निकेतन के पीठाधीश्वर निरंजन स्वामी जी महाराज, महामंडलेशावर जूना अखाडा डॉ उमाकांतनद सरस्वती , संतोष प्रसाद मिश्रा (मंत्री ) श्री गाँधी आश्रम अलीगढ़ सहित अन्य लोग थे।

भूमि पूजन कराने वाले आचार्यो का प्रतिनिधित्व अंतर राष्ट्रीय कथा वाचक शिवाकांत महाराज थे। बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी सूरज पाण्डेय, आचार्य प्रभाकर कृष्ण मोहिनी शरण, आचार्य रवि शास्त्री कानपुर, आचार्य विवेक शास्त्री दिल्ली, आचार्य अंकित एवं दीपक अवस्थी विठुर ने स्वास्ती पाठ तथा मंत्रो के द्वारा भूमिपूजन को सम्पन्न कराया।

# आदर्श इंटर कॉलेज बरीबोझ में छात्र छात्राओं ने प्रतिभा का बिखेरा जलवा

### बच्चों की क्षमता पहचानना और उसी हिसाब से ट्रीट करना जरूरी - गुरु प्रसाद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। आदर्श इंटर** कॉलेज बरीबोझ के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने प्रतिभा का जलवा बिखेरा। नृत्य नाटिका, समूहगान, प्रहसन की शानदार प्रस्तुति ने अभिभावकों को खुशी में झूमने को मजबूर किया। दर्शक दीर्घा में बार बार देर तक तालियां बजती रहीं। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की प्रतिभा और उनकी क्षमता को पहचानना और उस हिसाब से बच्चों को ट्रीट करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाने के साथ ही शिक्षक उनमें अच्छे संस्कार का बीजारोपण जरूर करें। यही बच्चे आगे चलकर समाज के भविष्य बनेंगे। वरिष्ठ नेता आदिल हमजा ने अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा पर जोर दिया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दूधनाथ पटेल ने बदलते हालात पर विस्तार से प्रकाश डाला। राजमणि शास्त्री, प्रधानाचार्य भरतचंद्र मिश्र, पत्रकार शिवा शंकर पाण्डेय, विनोद ओझा, संजीव मिश्र, अरविंद मिश्र समेत कई लोगों ने विचार रखे। प्रधानाचार्य संजय प्रकाश मिश्र ने अतिथियों का परिचय और स्वागत किया। संस्थापक प्राचार्य राजेंद्र प्रकाश मिश्र ने आभार व्यक्त किया। दिनकर मिश्र, दिवाकर मिश्र, आदर्श मिश्र, शाश्वत मिश्र, आशुतोष ओझा, वैभव दुबे, कार्तिकेय पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रबंधक अजय प्रकाश मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तुलसीराम सरोज, कृष्णचंद्र पांडेय, जीतलाल विश्वकर्मा, क्षेत्र के कई विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक, गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## इफको के सीनियर मैनेजर (वित्त और लेखा) चंद्रशेखर मिश्रा का निधन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। इफको** परिवार फूलपुर को एक गहरा धक्का लगा, जब वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त और लेखा) चंद्रशेखर मिश्रा का बुधवार। को निधन हो गया। श्री मिश्रा ने 12 जनवरी 1987 को इफको से जुड़कर संगठन में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे जून 2025 में अपनी सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे थे।




चंद्रशेखर मिश्रा का निवास स्थान इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के अल्लापुर क्षेत्र में था। वे अपनी पत्नी श्रीमती शीमा मिश्रा और दो बेटों को छोड़ गए हैं। एक बेटा नोएडा में कार्यरत है, जबकि दूसरा व्यवसाय में सक्रिय है।

इफको अधिकारी संघ और इफको कर्मचारी संघ ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और इस कठिन समय में उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। इफको परिवार में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा, और उनका योगदान संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा।

इफको अधिकारियों और कर्मचारियों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि चंद्रशेखर मिश्रा के परिवार को इस दुखद समय में संबल मिले और उनकी आत्मा को शांति प्राप्त हो।

## एसपी ने भारत रत्न अटल जी की 100वीं जयंति पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। भारत रत्न** अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में अटल जी की फोटो पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित करते हुए जन्म शताब्दी वर्ष दिनांक 25 दिसम्बर, 2024 से 25 दिसम्बर, 2025 तक मनाये जाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अटल जी के सुविचारों पर व्याख्यान दिया गया एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,



साइबर अपराध की जानकारी व उससे बचने के उपाय, नई न्याय संहिता में महिलाओं और बच्चों के संरक्षण विषयक प्राविधानों के बारे में बताते हुए इसे समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निर्देशित भी किया गया। इसी प्रकार पुलिस लाइन में डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह द्वारा एवं क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने कार्यलय/थाना पर समाज के गणमान्य/सम्भ्रान्त व्यक्तियों, सहयोगी संगठनों के लोगों को आमंत्रित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । एसपी** बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस क्रम में थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा हब्बू नगर चौकी क्षेत्र मे जाकर, थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम कैमा मे भ्रमणशील रहकर, थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुकीमपुर मे जाकर, थाना पश्चिम शरीर पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा मे भ्रमण कर, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा किले मे भ्रमण कर, थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा ग्राम जुगराजपुर मे चौपाल लगाकर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम काजू मे जाकर तथा थाना सैनी, मंझनपुर, पिपरी, कोखराज एवं थाना महेवाघाट पुलिस टीम अपने अपने थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## फैक्ट्री से चोरी करने वाले 4 चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी के 3 कॉपर के पाटे व 18 हजार नगदी बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा थाना कुर्सी क्षेत्र के ग्राम अमरसण्डा स्थित टू पॉवर लिमिटेड कम्पनी में चोरी की घटना के से सम्बन्धित 4 अभियुक्तों/शातिर चोरों मंजीत पुत्र रामदयाल निवासी




ग्राम चकरीमाबाद थाना देवा जनपद बाराबंकी, दिलीप कुमार पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम उनई थाना इंटौजा जनपद लखनऊ, जितेन्द्र पुत्र रामचन्दर निवास ग्राम खेवली थाना देवा जनपद बाराबंकी, धनिराज पुत्र विश्वनाथ निवासी ग्राम मुनीमपुर बरतरा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से चोरी के 3 कॉपर के पाटे ,18,900/- रुपए नगद, प्लास व पेचकस बरामद किया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा मंगलवार की रात्रि को थाना कुर्सी क्षेत्र के ग्राम अमरसण्डा स्थित टू पॉवर लिमिटेड कम्पनी (अर्थिंग कॉपर पाइप एल ए कंडक्टर वायर का निर्माण करने वाली फैक्ट्री) से कॉपर के 10 पाटे (वजन करीब 150 किलोग्राम) चोरी किया गया था जिसमे 07 पाटे अभियुक्तगण द्वारा सस्ते दामों पर चलते फिरते कबाड़ी को 30 हजार रुपए में बेच दिया गया था। अभियुक्तगण उक्त फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य करते है । गिरफ्तार अभियुक्तगण का एक अन्य साथी संजीत सिंह पुत्र राम दयाल निवासी ग्राम चकरीमाबाद थाना देवा जनपद बाराबंकी की तलाश हेतु पुलिस टीम का गठन कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है ।

## तीन शातिर चोरो को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के इंजन, 3 तमंचा, 3 कारतूस, 2 मोबाइल, पिकअप बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना मलवां पुलिस द्वारा दौराने चोरी करते हुए घटना में संलिप्त 3 अभियुक्त गिरधारी कुमार पुत्र



टिंगूलाल निवासी जैतीखेडा थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर. प्रहलाद सिंह उर्फ ध्रुव यादव पुत्र संजय सिंह निवासी कुंदनपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर, सोनू पुत्र लालमन निवासी जैतीखेडा थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर व 2 तमंचा 12 बोर, 2 कारतूस 12 बोर 2 मोबाइल, चोरी सम्बंधित मालमशरुका डीजल इंजन व घटना में प्रयुक्त वाहन पिकअप बरामद किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:--**

थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी थाना मलवां, उ0नि0 अरुण कुमार यादव. उ0नि0 रितेश कुमार मौर्या।

## लाखों रुपए की स्मैक के साथ पांच गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। कप्तान** दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर थाना रामसनेहीघाट व फतेहपुर पुलिस ने स्मैक की तस्करी करने वाले पांच आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया




थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्तगण अरशान शेख पुत्र जफरुल्ला, मो0 अकमल पुत्र कलाम अहमद निवासीगण भेलसर बीच गॉव थाना रूदौली जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 115 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया।

थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्तगण अलताफ पुत्र मेहंदी हसन निवासी नरायनपुर मजरे भैसुरिया मुजाहिदपुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी, अनिल कुमार पुत्र काशीराम निवासी ग्राम सिहाली थाना फतेहपुर हंसराज गौतम पुत्र स्व0 श्रीकेशन निवासी सादुल्लापुर थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 63 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ चोर गिरफ्तार



**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । देर** रात्रि को वादी विष्णुकान्त विश्वकर्मा निवासी असदुल्लापुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना कोखराज को सूचना दी गयी कि एक व्यक्ति चोरी करने की नियत से घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास कर रहा था, जिसे वादी व उनके भांजे द्वारा पकड़ लिया गया है। सूचना पर थाना कोखराज पुलिस उ0नि0 अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल के मौके पर पहुंचकर पकड़े गये व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पूछताछ से पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम रितिक सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह पटेल निवासी ग्राम चित्तापुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी बताया। अभियुक्त की जमातलाशी से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई,



चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 89 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 06 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी। जनपद** में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से 01, थाना कोखराज से 01, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 01,



थाना कड़ाधाम से 01) कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## बगीचे में होता है प्रतिदिन लाखों का जुआ

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। पिपरी** थाना क्षेत्र के लोधौर पुलिस चौकी अंतर्गत फरीदपुर गांव के बाहर नींबू के एक बगीचे में बीते कई महीने से दर्जनों जुआरियों का जमघट लगता है। बताया जाता है कि तीन दर्जन से अधिक जुआरी इस जुए के अड्डे पर पहुंचते हैं जहां लाखों रुपए का जुए का खेल प्रतिदिन बेखौफ तरीके से हो रहा है, लेकिन जुए के धंधे तक अभी तक चौकी पुलिस थाना पुलिस की नजर नहीं पहुंची है। तो फिर थाना पुलिस चौकी पुलिस कैसे अपराधों पर अंकुश लगाएगी। उनके मुखबिर कहां चले गए हैं, जिससे जुआ के बड़े धंधे पर चौकी पुलिस और थाना पुलिस ने कार्यवाही नहीं की है। बताया जाता है कि देर रात तक नींबू के बगिया के बाहर जुआरियों की दर्जनों बाइक खड़ी दिखाई पड़ती है। क्षेत्र में जन-जन की जुबान में जुआ के धंधे की चर्चा है, लेकिन चौकी पुलिस थाना पुलिस इस जुए के धंधे से अनजान बनी है। सूत्रों की माने तो तिल्हापुर मोड़ के एक व्यक्ति के संरक्षण में जुआ की फड़ जम रही है और जुआ की फड़ से मिलने वाली कमीशन नाल की रकम से स्थानीय वर्दी तक बड़ा हिस्सा पहुंच रहा है, जिससे थाना और चौकी पुलिस जुआ संचालक पर कार्यवाही करने का साहस नहीं कर रहे हैं। लंबे समय से जमने वाली जुए के फड़ पर इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जुआ संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजने के साथ-साथ जुआरियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## भागवत नहीं है सनातन धर्म के ठेकेदार

**जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य महराज ने कहा सरकार नहीं कोर्ट के आदेश पर हो रही है खुदाई**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। श्रृंगवेरपुर** धाम के जगद्गुरु नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज ने आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत के बयान की आलोचना करते हुए आज कहा कि वह सनातन धर्म के ठेकेदार नहीं है बल्कि एक संगठन के मुखिया हैं जो कभी - कभी हिन्दू हितों की बात करते है। उन्होंने कहा था कि संघ प्रमुख ने कहा था कि उत्खनन करके विवाद न बढ़ाया जाय जबकि प्राचीन सनातन धर्म के स्थलों पर जो खुदाई हो रही है उसका आदेश कोर्ट ने दिया है और कहा है कि खुदाई के बाद रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें,ऐसे में आर एस एस प्रमुख को विवादित बयान देने से बचना चाहिए। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज ने कहा कि सनातन धर्म सबसे प्राचीन



काल का धर्म है जो आदि, अनादि काल से चला आ रहा है। इस दौरान बहुत से सम्प्रदाय बने लेकिन वह आज अपने वजूद के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने बहुत से उतार, चढ़ाव देखा है लेकिन खत्म नहीं हुआ बल्कि और मजबूती से आगे बढ़ रहा है। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य महराज ने कहा कि सनातन धर्म को आज संरक्षण और अधिक प्रचार प्रसार की जरूरत है क्योंकि हमारी आने वाली पीढ़ियां सनातन धर्म के महत्व और उपयोगिता के बारे में नहीं जानते है इसके लिए सबसे जरूरी है कि अभिभावक बच्चों को भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण सहित हमारे सभी पूर्वजों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दें जिससे कि वह उनकी सामाजिक, धार्मिक और व्यवहारिक उपयोगिता के बारे में जानकारी विस्तार से प्राप्त कर सकें।

## डांडी चौकी में नवनिर्मित कार्यालय व आवास का डीसीपी ने किया उद्घाटन

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । बुध**वार को पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा कानून व्यवस्था व पुलिस बल की क्षेत्र में मौजूदगी सुदृढ़ करने हेतु थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी डांडी में नवनिर्मित कार्यालय व आवास का उद्घाटन किया गया । वही चौकी प्रभारी के इस सराहनीय कार्य को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव जंग बहादुर यादव व प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज अनिल कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी डांडी राजेंद्र कुमार पाल, चौकी प्रभारी लाल गोपालगंज शरद सिंह, चौकी प्रभारी श्रृंगवेरपुर मारुति नन्दन तिवारी, चौकी प्रभारी मंसूराबाद महिपाल यादव, चौकी प्रभारी आनापुर बृजेश कुमार तिवारी,मौजूद रहे ।





## स्थागन आदेश के बाद भी प्रधान करवा रह जबरन सड़क का निर्माण कार्य, ग्रामीणों में जनाक्रोश

### हल्का लेखपाल के रोकने के बाद भी नहीं बंद हुआ निर्माण कार्य

**सबसे तेज प्रयागराज**
**अजय कुमार**

**होलागढ़/प्रयागराज। होलागढ़ थाना क्षेत्र के अकोढ़ी ग्राम पंचायत मे अस्थगन आदेश के बावजूद** भी ग्राम प्रधान द्वारा जबरन व दबंगई के बल पर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक उक्त थाना क्षेत्र के अकोढ़ी ग्राम पंचायत के मजरा छीतपुर लखनी में घूर गड्ढे व भूमधरी भूमि के हिस्से मे जमीन दर्ज है आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा जबरन व दबंगई के बल पर इंटरलाकिंग का निर्माण कराया जा रहा है जबकि उक्त मामले मे तहसीलदार सोराव ने स्थगन आदेश भी जारी किया है। बावजूद कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों के शिकायत पर हल्का लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर कार्य बंद करवा दिया। थोड़ी देर बाद प्रधान फिर से कार्य शुरू करवा दिया। ऐसे में ग्राम प्रधान मनमानी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो कोर्ट के स्थागन आदेश होने के बाद भी वहीं अपनी मनमानी कर रहा है। जिसको लेकर लोगों में सवाल खड़े हो रहे हैं।



**शिकायत पर पहुंच कर कार्य को बंद करवाया था लेकिन फिर से प्रधान कार्य करवा रहा है और मैंने इसकी रिपोर्ट भी तहसीलदार को देकर थाने जाकर धारा 67 के तहत केस दर्ज कराया जायेगा।**
**अनिल पटेल हल्का लेखपाल**

## अटल एक जीवन नहीं संस्कार - धर्मराज मौर्य

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद विनोद सोनकर व जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने फीता काट कर उद्घाटन किया।



जनपद के सांगठनिक 15 मण्डलों में प्रधानमंत्री सड़क पर अटल जी की शोभायात्रा निकाली गई। महान राजनेता, युगपुरुष, उत्कृष्ट कवि, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनाई गई। भाजपा कार्यालय में विनोद सोनकर व जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उपस्थित कार्यकताओं व पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए धर्मराज मौर्य ने अटल जी से जुड़ी बातों को विस्तार से बताया। अटल जी को उनके योगदान के लिए 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। उनके जन्मदिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटल जी ने प्रधानमंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। कहा कि अटल जी ने पोखरण में परमाणु प्रशिक्षण किया, लाहौर शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के साथ शांति वार्ता की और भारत अमेरिका संबंधों को मजबूत किया। कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री दीप चंद्र दिवाकर, सह संयोजक आशीष केसरवानी, उमेश केसरवानी, कमल कुशवाहा, प्रदीप पांडेय, शीलू पाण्डेय, व सभी मण्डल के अध्यक्ष, महामंत्री, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कैंप कार्यालय में अटल जी की जयंती मनाई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। भारत** रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में कैम्प कार्यालय पर अटल बिहारी वाजपेयी की फोटो के समक्ष पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त द्वारा सुशासन पर अपने विचार रखते हुये उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को साइबर फ्रॉड से बचने हेतु आवश्यक सावधानियों के बारे में बताकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डा अजय पाल, पुलिस उपायुक्त अपराध, कुम्भ, पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती, यमुनानगर व अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया



# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। भारत** रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। साथ ही एसपी द्वारा उनके आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुये सुविचारों पर व्याख्यान दिया गया तथा उनके जीवन के बारे में बताया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन अभिषेक सिंह व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रांगण में, समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल कार्यालयों में तथा समस्त थाना/चौकियों/फायर स्टेशन आदि में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की फोटो पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया गया ।

## बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया बिजली पासी का जन्मदिन

**सबसे तेज प्रयागराज**
**अजय कुमार**

**प्रयागराज।** वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ बुधवार को पूरे देश में मनाया गया बिजनौर के महाराजा बिजली पासी का जन्मदिन। प्रयागराज के सुपर 50 पासी परिवार की तरफ बैंक रोड चौराहा के निकट राजर्शी टंडन गेस्ट हाउस में केक काटकर बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत बारा के विधायक वाचस्पति ने बिजली पासी के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम में बच्चों ने डांस नाटक के द्वारा सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रयागराज शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने पासी जाति को एक वीर योद्धा जाति कहा और कहा पासी जाति हर समय एक वीर सैनिक की तरह जीवन व्यतीत करता है। वही प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि पासी जाति के कई वीर योद्धा एवं राजा महाराजाओं ने मुगलों और अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। और उन्होंने आगे कहा पासी जाति मरना स्वीकार किया लेकिन कभी गुलामी स्वीकार नहीं की उन्होंने आश्वासन दिया कि तेलियरगंज चौराहे पर मसूरियादीन पासी की प्रतिमा लगाई जाएगी। और शहर में वीरांगना ऊदा देवी पासी की भी प्रतिमा लगाने का आश्वासन दिया। पूर्व एमएलसी निर्मला पासवान ने पासी जाति के वीर योद्धा और राजा महाराजाओं की बारे में लोगों को बताया और कहा कि पासी ही एक ऐसी जाति थी जो मुगलों से सभी बहन बेटियों की रक्षा किया। इस अवसर पर बच्चा पासी, एडवोकेट प्रमोद भारतीय सहित सुपर 50 पासी परिवार के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में महिला और बच्चे मौजूद रहे। वही सोराव के शिवगढ़ में महाराजा बिजली पासी की जयंती को लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया।

## सीओ मंझनपुर ने करारी क्षेत्र में किया पैदल गस्त

**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** बुधवार को क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना करारी पुलिस बल के साथ कस्बा करारी में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया।





## नवागंतुक क्षेत्राधिकारी मंझनपुर ने थाना करारी व मंझनपुर का किया निरीक्षण

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। बुध**वार को नवागंतुक क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा थाना करारी व थाना मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर रजिस्टरों, महिला हेल्प डेक्स व साइबर हेल्प डेक्स को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। थाना परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित को साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर संजय तिवारी, थानाध्यक्ष करारी विनीत सिंह मौजूद रहें।





## अवैध गांजा व नगदी के साथ एक गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। थाना** सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा बुधवार को अभियुक्त मोहम्मद पप्पू पुत्र शाह मोहम्मद निवासी ग्राम मोहिउद्दीनपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत साथर डीह कर्बला टीले के पास से 1.300 कि0ग्रा0 अवैध गांजा व अवैध गांजे की बिक्री से प्राप्त 300/- रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## इंस्पेक्टर कोखराज ने पैदल गस्त कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी। को**खराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे में बुधवार को पुल के पास चेकिंग अभियान के तहत एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने हमराहियों के साथ संदिग्ध लोगों की चेकिंग किया बिना हेलमेट पहनने वाले लोगों के चेकिंग की उन्होंने कहा कि वियर व शराब की दुकानों पर भीड़ न लगने पाए और न ही ठेका के पास रोड पर दारू न पीने की चेतावनी दी और शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी उन्होंने कहा कि सर्विस रोड पर भीड़ न लगने पाए कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी है पैदल गस्त में पुलिस टीम ने लोगों को सुरक्षा ब्यवस्था का एहसास कराया पुलिस टीम ने दुकानदारो को हिदायत दिया कि यदि वेवजह भीड़ जमा किया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी मौके पर एसआई ,हरीश तिवारी,अशोक दुबे ,सकील अहमद,वीरेन्द्र द्विवेदी,सुमित ,चन्द्र बली सरोज ,आदि पुलिस बल मौके पर मौजूद रहें।



## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल इलाज में मौत

### दूसरा युवक गंभीर घायल जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। तेज रफ्ता**र बाइक सवार दो युवक आवारा पशु को बचाने के चक्कर में सड़क पर गिर पड़े हैं हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है दूसरा युवक घायल है जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मोअज्जम पुर गांव के पास बुधवार की शाम को बाइक सवार दो युवक आवारा पशु को बचाने के चक्कर मे पशुओं से टकराकर बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े है और दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए है घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ पहुंच गई है लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दिया है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है जहां इलाज के दौरान घायल एक युवक उम्र लगभग 26 वर्ष की मौत हो गई है मौत की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दूसरे युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है खबर लिखे जाने तक युवक का नाम पता नहीं मालूम हो सका है बताया जाता है कि मृतक युवक की ससुराल पिपरी थाना क्षेत्र के औधन फरीदपुर गांव में है।



## फाफामऊ के निर्माणाधीन थाना का निरीक्षण किया





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्तगंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने निमार्णाधीन पुलिस थाना फाफामऊ का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव जंग बहादुर यादव व थरवई चंद्र पाल सिंह मौजूद रहे।

## स्टील ब्रिज का जायजा लेकर दिए निर्देश

**प्रयागराज।** डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत अस्थायी पुलिस थानों, चौकियों तथा सुरक्षित व सुगम यातायात व्यवस्था के लिये निर्मित स्टील ब्रिज का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्र पाल सिंह व सोरांव मौजूद रहे।

## आईटी एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज। उतरांव पुलिस वांछित** आरोपियों की तलाश में बुधवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
थानाध्यक्ष उतरांव पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त विकास वर्मा पुत्र धर्मराज निवासी ग्राम बरौना थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरौना के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## शताब्दी दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई का जन्मदिवस

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज । भा**रत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारतीय राजनीति के अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेई के 100 वें जन्मदिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। नवाबगंज व श्रृंगवेरपुर मंडल में भाजपाइयों ने अटल जन्म शताब्दी समारोह सुशासन दिवस के रूप में मनाया इस दौरान पार्टी नेताओं ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में सामिल मुख्य वक्ता एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक राष्ट्र नेता, सच्चे देशभक्त व उत्कृष्ट कवि भी थे। उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेई के विचारों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को ग्रहण करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को हम सभी को मिलकर आगे बढ़ाना होगा। अटल जी ने भारत को परमाणु सम्पन्न देश बनाया और स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से पूरे देश में सड़कों का जाल फैला दिया। इस दौरान जिला मंत्री भाजपा तुलसी राम सरोज , सदस्य जिला कार्य समिति गंगापार विनोद कुमार ओझा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रशान्त गुप्ता,आनंद पाण्डेय,कमलेश तिवारी,अजय गुप्ता,अजय पाण्डेय,राघवेन्द्र सिंह,विनय मौर्य शिवाकांत मौर्य अनुसूचित मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुनील गौतम, स्वराज्य पाण्डेय,राकेश शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशिकांत शर्मा , पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रेमचंद अंबेडकर बसंत लाल जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### डॉलर को बढ़ावा देने के आक्रामक रुख से रुपया अस्थिर स्थिति में

अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और निवेशक व्यवहार में बदलाव किये हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था का हिस्सा होने के नाते भारत भी इन प्रभावों से अछूता नहीं है। वैश्विक निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जा रहा है जिसके कारण रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मित्रज, अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप एक बार फिर व्हाइट हाउस में जाने वाले हैं, लेकिन यह भारत के लिए विशेष रूप से फायदेमंद नहीं है। जो भी हो, ट्रंप को 'मोदी समर्थकज रहते हुए भी 'भारत विरोधी' कहा जा सकता है। मोदी-ट्रम्प के बीच यह सौहार्द्र राष्ट्रपति-चुनाव के भारत विरोधी आर्थिक रुख के बिल्कुल विपरीत है, जो पहले से ही जवाबी टैरिफ की धमकियों और वैश्विक मुद्रा के रूप में अमेरिकी डॉलर के दृढ़ बचाव में प्रकट हुआ है। ट्रंप का यह दावा कुछ अमेरिकी उत्पादों पर नई दिल्ली के उच्च टैरिफ के प्रति उनके असंतोष से उपजा है। यह अमेरिकी आर्थिक हितों को प्राथमिकता देने की उनकी व्यापक नीति को दशार्ता है, जो अक्सर दीर्घकालिक व्यापार साझेदारी की कीमत पर होगी। भारत के लिए, जो अपने व्यापार संतुलन को बनाये रखने के लिए निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर है, ऐसे खतरे संभावित व्यवधानों का संकेत देते हैं। अमेरिका के साथ तनावपूर्ण व्यापार संबंध मौजूदा आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकते हैं, खासकर तब जब भारतीय अर्थव्यवस्था मंदी से जूझ रही हो। भारत के लिए चिंता का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र मजबूत अमेरिकी डॉलर के लिए ट्रम्प का अटूट समर्थन है। वैश्विक मुद्रा के रूप में डॉलर की स्थिति की रक्षा करने पर उनके प्रशासन का जोर वैश्विक वित्तीय प्रणाली में अमेरिकी प्रभुत्व को सुरक्षित करने की व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है। अपने चुनाव के कुछ दिनों के भीतर ट्रम्प ने भारत सहित ब्रिक्स देशों को ऐसे कदमों के खिलाफ चेतावनी जारी की, जो अमेरिकी डॉलर के वर्चस्व को खतरे में डाल सकते हैं।

भारत ने कूटनीतिक रूप से इन चेतावनियों को कम करके आंकते हुए, डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए कुछ देशों के साथ रुपया-आधारित द्विपक्षीय व्यापार में भाग लिया है। हालांकि, ऐसी पहल अपनी प्रारंभिक अवस्था में है और डॉलर-केंद्रित वैश्विक व्यापार नीतियों के व्यापक प्रभाव को कम नहीं कर सकती हैं।

ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के दौरान अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने पहले ही रुपये को गहरा झटका दिया है, जो डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस गिरावट के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं, जिसमें मजबूत अमेरिकी आर्थिक डेटा भी शामिल है, जो ब्याज दरों पर फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख को पुष्ट करता है।

उच्च अमेरिकी टैरिफ दरें भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी प्रवाह को आकर्षित करती हैं, जिससे रुपये का अवमूल्यन बढ़ जाता है। कमजोर रुपया आयात की लागत, विशेष रूप से कच्चे तेल की लागत को बढ़ाता है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ता है और घरेलू मुद्रास्फीति को बढ़ावा मिलता है। मुद्रा को स्थिर करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को सीमित सफलता मिली है। रुपये को स्थिर करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार पर अत्यधिक निर्भरता भारत के भंडार को कम कर सकती है, जिससे अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों के प्रति संवेदनशील हो सकती है।

घरेलू स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रही है जो रुपये की गिरावट में योगदान करती हैं। औद्योगिक उत्पादन में कमी, उपभोक्ता मांग में गिरावट और कमजोर निवेश भावना की विशेषता वाली आर्थिक मंदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास को खत्म कर दिया है। धीमी आर्थिक वृद्धि विदेशी निवेशकों के लिए रुपये के आकर्षण को कम करती है, जो अनिशिचतता के दौर में उभरते बाजारों को अधिक जोखिम वाला मानते हैं।

इसके अतिरिक्त, भारत का चालू खाता घाटा, जो तब उत्पन्न होता है जब देश निर्यात से अधिक आयात करता है, लगातार बढ़ रहा है और रुपये पर निरंतर दबाव डाल रहा है। वैश्विक तेल की कीमतों में सुधार और भारत के प्रमुख तेल आयातक होने के कारण, इन आयातों के भुगतान के लिए डॉलर की मांग बढ़ गयी है, जिससे रुपये की परेशानी और बढ़ गयी है। एक अन्य महत्वपूर्ण कारक मुद्रास्फीति का बढ़ता दबाव है। मुद्रास्फीति मुद्रा की क्रय शक्ति को कम करती है और निवेशकों के विश्वास को कम करती है।

इसके अतिरिक्त, रुपये की गिरावट भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर संरचनात्मक मुद्दों से प्रभावित है। औद्योगिक उत्पादन और उपभोक्ता खर्च जैसे प्रमुख संकेतकों ने कमजोर होने के संकेत दिखाये हैं। गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के बोझ तले दबे बैंकिंग क्षेत्र में विकास को वित्त पोषित करने की सीमित क्षमता है। बैंकों को पुनर्पूंजीकृत करने और ऋ ण देने को प्रोत्साहित करने की सरकारी पहलों के बावजूद, आर्थिक सुधार की गति धीमी बनी हुई है। इसने निवेशकों की भावना को और कमजोर कर दिया है और रुपये को भी। इसके अलावा, डिजिटल अर्थव्यवस्था में चल रहा बदलाव, जो दीर्घावधि में आशाजनक है, ने पारंपरिक व्यापार मॉडल में अल्पकालिक व्यवधान पैदा किया है, जिससे समग्र उत्पादकता और आर्थिक उत्पादन प्रभावित हुआ है।

रुपये पर ट्रम्प की नीतियों का प्रभाव वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं से और भी बढ़ गया है। संरक्षणवादी उपायों और व्यापार युद्ध की संभावना ने वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा की है, जिसका असर रुपये सहित उभरते बाजारों की मुद्राओं पर पड़ा है।

### कोविड-19 संक्रमण से नहीं बिगढ़ते मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लक्षण : शोध

**नई दिल्ली।** एक शोध में यह बात सामने आई है कि कोविड-19 संक्रमण से मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) से पीड़ित लोगों में लक्षण नहीं बिगड़ते हैं। यानी कोविड-19 संक्रमण इस गंभीर बीमारी के लक्षणों को नहीं बढ़ाता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस) एक लंबे समय तक चलने वाली बीमारी है जो सेंट्रल नर्वस सिस्टम (सीएनएस) को प्रभावित करती है और शरीर की स्वस्थ कोशिकाओं पर ऑटोइम्यून हमले के कारण होती है।

डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय के साउथवेस्टर्न मेडिकल सेंटर के शोधकताओं ने 65 वर्ष की औसत आयु वाले 2,132 वयस्कों पर यह शोध किया। 18 महीने तक उनकी निगरानी की गई। वैसे संक्रमणों को एमएस वाले लोगों में और खराब माना जाता है जिससे उनमें शारीरिक अक्षमता भी आ सकती है। न्यूरोलॉजी जर्नल के ऑनलाइन अंक में प्रकाशित परिणामों से पता चला है कि विशेष रूप से कोविड-19 संक्रमणों के लिए यह सच नहीं था। यह उन एमएस रोगियों के लिए राहत भरी खबर है जिनको कोविड-19 संक्रमण हुआ था।

विश्वविद्यालय से और अमेरिकन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी के सदस्य एम्बर साल्टर ने कहा, ह्ययह एमएस वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है, कि उन्हें कोविड-19 संक्रमण के बाद अपने एमएस लक्षणों के दीर्घकालिक बिगड़ने के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।ह्व शोध में कुल 796 लोगों ने कोविड संक्रमण होने की सूचना दी, और 1,336 लोगों ने कभी कोविड नहीं होने की सूचना दी। शोध के दौरान प्रतिभागियों ने अपने एमएस लक्षणों की गंभीरता की भी सूचना दी और उनसे चलने, हाथ के कार्य, शारीरिक दर्द, थकान, स्मृति और सोच के बारे में पूछा गया। प्रतिभागियों ने अपनी विकलांगता के स्तर की भी सूचना दी, जो इस बात पर आधारित थी कि उनकी स्थिति चलने या खड़े होने जैसी दैनिक गतिविधियों को कैसे प्रभावित करती है। निष्कर्षों से पता चला कि कोविड वाले और बिना कोविड वाले लोगों के लिए, एमएस लक्षण की गंभीरता नाममात्र 0.02 प्रतिशत प्रति माह बढ़ी। कोविड वाले और बिना कोविड वाले लोगों के बीच एमएस लक्षण की गंभीरता में कोई अंतर नहीं पाया गया।

# संविधान के 75 सालः हम कहां हैं

**– राम पुनियानी**

अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी।

भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमजोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं मगर उसके बावजूद ये वर्ग परेशानहाल हैं। मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।

इसके विपरीत, सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने संसद के अन्दर और संसद के बाहर भी कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले नेहरु (नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक लगाने के लिए संवैधानिक संशोधन) ने शुरू किये और यह सिलसिला इंदिरा गांधी (आपातकाल) से होता हुआ राजीव गांधी (शाहबानो) और राहुल गांधी (विधेयक को फाड़ना) तक चला। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बुराईयों की जड़ में नेहरु-गांधी परिवार है और उसी ने संविधान को नुकसान पहुंचाया है।

भाजपा नेता और हिन्दू राष्ट्रवादी चिन्तक लम्बे समय से कहते आए हैं कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है, उसे औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे समाज पर लादा है और वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता। उनका यह तर्क भी रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों का तुष्टिकरण करने और उनका वोट बैंक बनाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया।

जैसा कि हम सब जानते हैं, संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे. संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी पीछे की विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे। जहां आजादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है।

संघ परिवार यह भूल जाता है कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना, हमारी सभ्यता में जैन, बौद्ध, ईसाई और सिक्ख धर्मों व इस्लाम के योगदान को नकारना है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं तो गांधी के लिए राम सभी धर्मों के लोगों के रक्षक हैं। गांधी कहते थे



'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम'। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'भारत एक खोज' में लिखा है कि 'भारत एक प्राचीन स्लेट है, जिस पर कई परतों में अलग-अलग कालों में विचार और भावनाएं दर्ज की गईं मगर कोई नयी परत, पिछली परतों को न तो पूरी तरह ढंक सकी और न मिटा सकी'। नेहरु बड़े गर्व से सम्राट अशोक के शासनकाल को याद करते हैं, जिन्होंने अपने कई शिलालेखों में वैदिक हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और आजीविकों के साथ एक-समान व्यवहार करने की बात कही है।

संघ परिवार और उसके चिंतक जहां भारत को विशुद्ध ब्राह्मणवादी हिन्दू देश मानते हैं वहीं गांधी, नेहरु इत्यादि इसे सभी भारतीयों का देश मानते थे। भारत की संविधान सभा मोटे तौर पर उस धारा का प्रतिनिधित्व करती थी, जो राष्ट्रीय धारा थी, जो वह धारा थी जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इसके विपरीत, भारत को ब्राह्मणवादी हिन्दू राष्ट्र मानने वाला आरएसएस हाशिये की धारा थी। दोनों धाराओं का यह अंतर, भारत के संविधान का मसविदा तैयार होने के समय से ही परिलक्षित होने लगा था।

अम्बेडकर और नेहरु का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि, 'संविधान के कारण हम नाकाम नहीं हुए हैं, बल्कि हमने संविधान को नाकाम किया है'। यह बात मोदी सरकार के कार्यकाल के सन्दर्भ में एकदम सही है। इस दौर में संविधान में कोई बदलाव नहीं किये गए मगर संघ परिवार के कई सदस्यों ने ऐसा करने की इच्छा और जरुरत बताई और उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा फटकारा नहीं गया। 'अब की बार चार सौ पार' का नारा इसी इच्छा का प्रतीक था। भाजपा चाहती थी कि उसे लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें हासिल हों ताकि वह संविधान को बदल सके।

देश में नफरत फैलाने वाले भाषण देने और बातें कहने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसका सबसे ताजा उदाहरण हैं इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव, जिन्होंने विश्व हिन्दू परिषद् के एक कार्यक्रम में कहा कि 'भारत बहुसंख्यकों की मर्जी के अनुसार चलेगा।' जस्टिस यादव ने 'समान नागरिक संहिताः एक संवैधानिक आवश्यकता' विषय पर बोलते हुआ कहा, 'केवल वही स्वीकार किया जाएगा जो बहुसंख्यकों की भलाई और प्रसन्नता के लिए फायदेमंद हो।' इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव के कथन का समर्थन किया। यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने यादव के सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाले भाषण का संज्ञान लिया है. मगर आदित्यनाथ के यादव को समर्थन का कौन संज्ञान लेगा? वर्तमान स्थितियों पर एक सटीक टिप्पणी में जस्टिस अस्पि चिनॉय ने कहा, 'भाजपा केंद्र में सरकार में है और उसके पास संसद में पूर्ण बहुमत है। मगर उसे भारत और उसके संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कानूनी तौर पर बदलने की कोई जरुरत महसूस नहीं हो रही है। राज्य और उसके विविध तंत्र उसके नियंत्रण में है और वह कानूनी तौर पर भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदले बिना ही उसके धर्मनिरपेक्ष संविधान को कमजोर करने और हिंदुत्व पर आधारित राजकाज कायम करने में कामयाब रही है।'

भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के सांप्रदायिक चरित्र का खुलासा उस समय ही हो गया था जब संविधान का मसविदा जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद, आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र 'आगेर्नाइजर' ने 30 नवम्बर 1949 के अपने अंक में लिखा था, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है...भारत के प्राचीन संवैधानिक कानूनों, नामकरणों और भाषा का इसमें नामोनिशां तक नहीं है।' मतलब यह कि भारत के संविधान के निमार्ताओं ने 'मनुस्मृति' को नजरअंदाज किया!

लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के पितामह वी.डी. सावरकर को उद्दत करते हुए कहा, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। हमारे हिन्दू राष्ट्र में वेदों के बाद मनुस्मृति सबसे पूजनीय ग्रन्थ है, जो प्राचीन काल से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाजों, विचारों और आचरण का आधार रही है।' सावरकर का कहना था कि मनुमृति ही हमारे देश का कानून है।

अगर हम संविधान की मसविदा समिति के मुखिया डॉ अम्बेडकर और आरएसएस के एक सरसंघचालक के. सुदर्शन की तुलना करें तो पूरी बात समझ में आ जाएगी। अम्बेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था और आरएसएस के मुखिया ने भारत के संविधान को पश्चिमी मूल्यों से प्रेरित बताते हुए कहा था कि हमें मनुस्मृति पर आधारित भारत का संविधान बनाना है।?

# श्याम बेनेगल का जाना नये सिनेमा का अंत

**-: ललित गर्ग:-**

बालीवुड में समानांतर सिनेमा के जनक, ह्यमंथनह्व से लेकर ह्यवेलडन अब्बाह्व तक जिनके फिल्मी सफर को एक युग कहा जा सकता है, बेहद कलात्मक, बेहद संजीदा, बेहद संवेदनशील, ऐसे बेमिसाल फिल्मकार श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में जाना अत्यंत दुखद ही नहीं है, एक सार्थक भारतीय सिनेमा एवं गौरवशाली टेलीविजन युग का अंत है। दादा साहब फाल्के के अलावा सात राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने हिंदी सिनेमा को नसीरूद्दीन शाह, ओमपुरी, स्मिता पाटिल, अमरीश पुरी, अनंत नगा जैसे प्रख्यात कलाकार दिए। उनकी फिल्मों के साथ भारतीय सिनेमा का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ, जिसने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पिता के कैमरे से 12 साल की उम्र में पहली फिल्म बनाने वाले बेनेगल ने उस समय अहसास कराया कि भारतीय सिनेमा में एक विराट प्रतिभा मोर्चा संभाल चुकी है, जिसके काम की गूंज उनकी जीवन में ही नहीं, बल्कि भविष्य में लम्बे समय तक देश और दुनिया को सुनाई देगी। जब-जब हमने बहुत ठहरकर, बहुत संजीदगी के साथ उनके काम को देखा तो अनायास ही हमें महसूस हुआ कि वे अपने आप में कितना कुछ समेटे हुए थे, अद्भुत, यादगार एवं विलक्षण। सिनेमा दर्शकों का ऐसे महा- फिल्मकार की फिल्मों से अनभिज्ञ रहना इस संसार में रहते हुए भी सूर्य, चन्द्रमा एवं तारों को न देखने जैसा है।



श्याम बेनेगल का जन्म 14 दिसम्बर 1934 को हैदराबाद में हुआ। हैदराबाद की ओसमानिया यूनिवर्सिटी से इकोनोमिक्स में एमए करने के बाद बेनेगल ने आगे जाकर हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की। उनका संबंध कोंकणी बोलने वाले चित्रपुर सारस्वत परिवार से था। उनका असली नाम श्याम सुंदर बेनेगल था। श्याम बेनेगल की शादी नीरा बेनेगल से हुई थी और उनकी एक बेटी पिया बेनेगल है, जो एक कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं, जिन्होंने कई फिल्मों के लिए भी काम किया है। श्याम ने बचपन में ही अपने फोटोग्राफर पिता श्रीधर बी. बेनेगल के कैमरे से पहली फिल्म शूट की थी। 1962 में उन्होंने पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म ह्यघर बैठा गंगाह्व बनाई, जो गुजराती में थी। बेनेगल को भारत सरकार द्वारा 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनकी सफल फिल्मों में मंथन, जुबैदा और सरदारी बेगम शामिल हैं। जिनमें जीवन के कठोर यथार्थ को बेनेगल ने सिनेमा-शिल्प में, महीन अर्थवत्ता के साथ नाटकीयता के धनीभूत आशयों में अभिव्यक्ति दी, प्रस्तुति दी है। उनकी फिल्मों में एक ऐसी सार्वजनीनता है, जो धनी-निर्धन, शिक्षित-अशिक्षित, देशी-विदेशी सभी को बहुत भीतर तक स्पर्श करती रही है।

श्याम बेनेगल की आखिरी फिल्म ह्यमुजीबः द मेकिंग ऑफ ए नेशनह्व थी, जिसका उन्होंने निर्देशन किया था। इस फिल्म ने भारत ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश में भी सुर्खियां बटोरीं। यह फिल्म बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान पर आधारित थी, जो बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी थे। उनकी जिंदगी पर बनी फिल्म ने बांग्लादेश में 2024 में तख्तापलट करवा दिया था और शेख हसीना को इस्तीफा देना पड़ा था। यह फिल्म दिखाती है कि मुजीबुर्रहमान के राजनीतिक सफर की शुरूआत कैसे हुई थी, उन्होंने किस तरह बांग्लादेश की स्वाधीनता के लिए काम किया। इस फिल्म को राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम और बांग्लादेश फिल्म विकास निगम ने मिलकर बनाया था। यह फिल्म जहां एक राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को प्रस्तुति दी, वहीं दो राष्ट्रों के आपसी संबंधों को भी गहराई से उजागर किया।

इस फिल्म को बंगाली के साथ-साथ हिन्दी भाषा में भी रिलीज किया गया था। इस फिल्म का एलान करते हुए बेनेगल ने बताया था कि शेख मुजीबुर्रहमान के जीवन को पर्दे पर उतारना उनके लिए एक कठिन काम रहा है। उन्होंने कहा था, यह फिल्म मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक फिल्म है। मुजीब के किरदार को बेबाकी से पेश किया है, वे भारत के बहुत अच्छे दोस्त रहे। उनकी यह फिल्म ही नहीं, बल्कि हर फिल्म ने एक इतिहास निर्मित किया। क्योंकि यह उनकी ही प्रतिभा थी कि वे लगातार काम करने की रणनीतियों में बदलाव लाते रहे और फिल्म-निर्माण को एक विराट फलक तक ले जाते रहे। भारतीय सिनेमा के लगभग सौ साला इतिहास में बेनेगल एक बड़े वटवृक्ष की भांति दिखाई देते हैं।

भारतीय सिनेमा को विश्व में नई और अद्वितीय पहचान दिलाने में बेनेगल का अविस्मरणीय योगदान था। बेनेगल की पहली चार फीचर फिल्मों- अंकुर (1973), निशांत (1975), मंथन (1976) और भूमिका (1977)- ने उन्हें उस दौर की नई लहर फिल्म आंदोलन का अग्रणी बना दिया। बेनेगल की मुस्लिम महिला पर आधारित फिल्में मम्मो (1994), सरदारी बेगम (1996) और जुबैदा (2001) सभी ने हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। 1959 में, उन्होंने मुंबई स्थित विज्ञापन एजेंसी लिंटास एडवरटाइजिंग में कॉपीराइटर के रूप में काम करना शुरू किया, जहाँ वे धीरे-धीरे क्रिएटिव हेड बन गए। 1963 में एक अन्य विज्ञापन एजेंसी के साथ कुछ समय तक काम किया। इन वर्षों के दौरान, उन्होंने 900 से अधिक प्रायोजित वृत्तचित्र और विज्ञापन फिल्मों का निर्देशन किया। 1966 और 1973 के बीच बेनेगल ने पुणे स्थित भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान में पढ़ाया और दो बार संस्थान के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उनके शुरूआती वृत्तचित्रों में से एक ए चाइल्ड ऑफ द स्ट्रीट्स (1967) ने उन्हें व्यापक प्रशंसा दिलाई। कुल मिलाकर, उन्होंने 70 से अधिक वृत्तचित्र और लघु फिल्में बनाई हैं।

बेनेगल ने 1992 में धर्मवीर भारती के एक उपन्यास पर आधारित सूरज का सातवां घोड़ा फिल्म बनाई, जिसने 1993 में हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। 1996 में उन्होंने फातिमा मीर की द अप्रेंटिसशिप ऑफ ए महात्मा पर आधारित पुस्तक द मेकिंग ऑफ द महात्मा पर आधारित एक और फिल्म बनाई। उनके जीवनी सामग्री की ओर इस मोड़ के परिणामस्वरूप नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगॉटन हीरो, उनकी 2005 में अंग्रेजी भाषा की फिल्म बनी। उन्होंने समर (1999) में बनी फिल्म में भारतीय जाति व्यवस्था की आलोचना की, जिसने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। बेनेगल की फिल्म मंडी (1983), राजनीति और वेश्यावृत्ति के बारे में एक व्यंग्यपूर्ण कॉमेडी थी, जिसमें शबाना आजमी और स्मिता पाटिल ने अभिनय किया था। बाद में, 1960 के दशक की शुरूआत में गोवा में पुर्तगालियों के अंतिम दिनों पर आधारित अपनी कहानी पर काम करते हुए, श्याम ने त्रिकाल (1985) में मानवीय रिश्तों की खोज की। इन फिल्मों की सफलता के बाद, बेनेगल को स्टार शशि कपूर का समर्थन मिला, जिनके लिए उन्होंने जुनून (1978) और कलयुग (1981) बनाई। पहली फिल्म 1857 के भारतीय विद्रोह के अशांत काल के बीच की एक अंतरजातीय प्रेम कहानी थी, जबकि दूसरी महाभारत पर आधारित थी और यह बड़ी हिट नहीं थी, हालांकि दोनों ने क्रमशः 1980 और 1982 में फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार जीते।

हजारों अविस्मरणीय किरदार और जिंदगी की असंख्य सच्चाइयों को खोलती उनकी फिल्में भारतीय सिनेमा की एक अमूल्य धरोहर है।

एक समय ऐसा आया जब बेनेगल की फिल्मों को उचित रिलीज नहीं मिली। इसके चलते हुए उन्होंने टीवी की ओर रुख किया जहां उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए यात्रा (1986) जैसे धारावाहिकों का निर्देशन किया और भारतीय टेलीविजन पर किए गए सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक, जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया पर आधारित 53-एपिसोड का टेलीविजन धारावाहिक भारत एक खोज (1988) का निर्देशन किया। इसी तरह टीवी सीरीयल संविधान,कहता है जोकर एवं कथा सागरका निर्देशन भी किया। इससे उन्हें एक अतिरिक्त लाभ हुआ, क्योंकि वे 1980 के दशक के अंत में धन की कमी के कारण नया सिनेमा आंदोलन के पतन से बचने में कामयाब रहे, जिसके साथ कई नव-यथार्थवादी फिल्म का निमार्ता खो गया। बेनेगल ने अगले दो दशकों तक फिल्में बनाना जारी रखा।

# संशोधन से चुनावी प्रक्रिया अधिक शंकास्पद

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिएसर्वोच्च न्यायालय को बधाई चुनावी बांड रद्द करने के आदेश से लोकतंत्र मजबूत हुआ

संविधान निमार्ता डॉ. बीआर अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिये गये अपमानजनक वक्तव्य को लेकर जब संसद के दोनों सदनों में हंगामा मचा हुआ था, उसका फ ायदा उठाकर सरकार ने चुनावी प्रक्रिया सम्बन्धी इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के निरीक्षण अथवा सार्वजनिक करने को प्रतिबन्धित कर दिया। अब फुटेज, रिकॉर्डिंग आदि नहीं मांगे जा सकेंगे। यह संशोधन शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन में किया गया जिसका समापन 20 दिसम्बर को हुआ। ईवीएम पर पहले से अविश्वास जतलाया जा रहा है, अब चुनावी प्रक्रिया को यह संशोधन और भी शंकास्पद बनाता है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस पर ऐतराज दिखा रहे हैं, जो वाजिब है। गौरतलब है कि हरियाणा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका पर वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद प्राचा ने अक्टूबर 2024 को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिस पर 9 दिसंबर को अदालत ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोलिंग बूथ के वीडियोग्राफी, सीसीटीवी फुटेज और वोटों से जुड़े कागजात की प्रति श्री प्राचा को देने का आदेश दिया था। इसके लिए छह सप्ताह का वक्त दिया गया था। लेकिन चुनाव आयोग ने नियम में संशोधन की सिफारिश सरकार से की और कानून मंत्रालय ने 20 दिसम्बर को चुनाव नियमों में यह बदलाव किया है। हड़बड़ी में किए गए इस बदलाव से शंका उपजती है कि किसी गड़बड़ी को छिपाने के लिए संशोधन किए गए हैं।

बदले नियम के तहत सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज के साथ-साथ प्रत्याशियों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का भी सार्वजनिक निरीक्षण नहीं किया जा सकेगा। सरकार ने यह बदलाव केन्द्रीय चुनाव आयोग की सिफारिश के आधार पर किया है और इसका उद्देश्य इन दस्तावेजों या फुटेज के दुरुपयोग को रोकना बतलाया है। चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 (2)(ए) में यह संशोधन किया गया है। पहले नियम 93 हर किसी को सभी चुनावी दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण तथा उनकी सभी के लिये उपलब्धता का अधिकार देता था। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार यह संशोधन गोपनीयता के उल्लंघन को रोकने तथा इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों (रिकॉर्डिंग, फुटेज आदि) के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा दुरुपयोग को रोकने हेतु जरूरी है। इसकी जरूरत इसलिये भी बतलाई गयी कि इन दस्तावेजों, खासकर इलेक्ट्रॉनिक फुटेज का लाभ आतंकवाद से प्रभावित जम्मू-कश्मीर अथवा माओवाद से पीड़ित संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय तत्व उठा सकते हैं। आयोग के मुताबिक पिछले चुनावों से सम्बन्धित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निवेदन आये थे। अब ऐसे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जायेंगे जिनका नियमों से सम्बन्ध या सन्दर्भ नहीं है।

कहने को तो निर्वाचन आयोग ने यह सिफारिश उनका दुरुपयोग रोकने के लिये की है परन्तु सर्वज्ञात है कि मौजूदा चुनाव आयोग के सारे काम-काज और नियम-कायदे पूरी तरह से सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में किये जाते हैं। इसलिये यह कदम भी गहरे संदेह के घेरे में आ गया है। आयोग की विश्वसनीयता पहले ही इतनी गिर चुकी है कि इसे भाजपा की जेब में रखा माना जाता है। उसका आचरण पिछले कुछ वर्षों से अत्यंत पक्षपाती और मनमाना रहा है। अनेक ऐसे मुद्दे रहे हैं जिनमें निर्वाचन आयोग के सारे फैसले भाजपा के पक्ष हुए हैं। आरोप लगते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता में बने रहने के लिये आयोग को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले रखा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार पर भी उंगलियां उठती हैं कि उन की भूमिका और मंशा सिर्फ भाजपा को लाभ देने की रहती है। इस संवैधानिक संस्था की ताकत व महत्व को समझकर मोदी सरकार ने एक संशोधन यह किया कि मुख्य आयुक्त का चयन करने वाले पैनल से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। अब इसमें केवल प्रधानमंत्री, एक केन्द्रीय मंत्री तथा विपक्ष के नेता हैं। स्वाभाविक है कि सरकार की मर्जी का ही व्यक्ति इस पद पर बैठ सकेगा। फिर, दो अन्य आयुक्तों को भी पूर्णतः शक्तिविहीन कर दिया गया है। वे नाममात्र के सदस्य बनकर रह गये हैं।

मुख्य आयुक्त का फैसला ही अंतिम होगा। चुनावी प्रक्रिया को अपारदर्शी और पक्षपाती बनाने के एक नहीं सैकड़ों उदाहरण हाल के वर्षों में देखे गये। विधानसभाओं के चुनाव हों या लोकसभा के, चुनाव आयोग का काम केवल विरोधी दलों के खिलाफ मामले बनाना तथा भाजपा व उसके सहयोगी गठबन्धनों को क्लीन चिट देना रह गया है।

# गुरुकुल पद्धति के माध्यम से आत्मनिर्भर शिक्षक छात्र एवं आत्मनिर्भर भारत

**संवाददाता**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**दिल्ली। यह क**हने में कोई अतिरेक नही है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति में गुरुकुलों का महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च स्थान था। गुरुकुलों में शिक्षा, संस्कार, राष्ट्रबोध, धर्म, सँस्कृति का विवेक और जीवन कौशल प्रबंधन द्वारा आत्मनिर्भरता का समावेश होता था, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाता था। यह प्रणाली केवल शैक्षिक ज्ञान तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करती थी। आज भी, यदि हम गुरुकुलों की परंपरा को समझें और उसे समकालीन शिक्षा व्यवस्था में लागू करें, तो हम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। गुरूकुल रोजगार के कई प्रकार के अवसर भी प्रदान करते थे। गुरुकुल समाज के लिए मात्र न शैक्षिक केंद्र होते थे, बल्कि वे एक प्रकार के सामुदायिक और सामाजिक विकास एवं चिंतन केंद्र भी थे, जहाँ से विभिन्न प्रकार के कार्यों और रोजगार के अवसर उत्पन्न होते थे। प्राचीन समय में गुरुकुलों से जुड़ी रोजगार की संभावनाएं असीम थी जिसमें से कुछ वर्तमान में व्यवहारिक पक्षों को प्रकाशित करने का प्रयास इस लेख में करने का किया गया है

शिक्षक का रोजगार गुरुकुलों में शिक्षा देने के लिए गुरु की आवश्यकता होती थी। जो व्यक्ति वेद, शास्त्र, धर्म, दर्शन, आध्यत्म गणित, विज्ञान, भूगोल, खगोल, ज्योतिष, संस्कार शास्त्रों और संस्कृत एवं अन्य स्थानीय भारतिय भाषाओं के ज्ञाता होते थे, वे गुरुकुलों में शिक्षा प्रदान करते थे। गुरु का कार्य न केवल छात्रों को शास्त्रों का ज्ञान देना, बल्कि उन्हें जीवन की नैतिकता, धर्म और संस्कारों का पालन भी सिखाना था। विद्यार्थियों को कौशल, आत्मनिर्भरता स्वावलंबी और रोजगार के अवसरों से भी जोड़ना था। गुरुकुलों में शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की अवधारणा को महत्वपूर्ण माना जाता था। गुरुकुलों में केवल धार्मिक आध्यात्मिक या दार्शनिक शिक्षा नहीं दी जाती थी, बल्कि विद्यार्थियों को विभिन्न शिल्पों और तकनीकी कौशलों में भी पारंगत किया जाता था। जैसे कि ताम्र शिल्प, धातु विज्ञान, भस्म निर्माण, खनिज, अयस्कों हस्तशिल्प, निर्माण कार्य, औषधि निर्माण, और वास्तुकला, धातु विज्ञान, वस्त्र निर्माण, अभियांत्रिकी आदि का प्रशिक्षण गुरुकुलों के माध्यम से दिया जाता रहा है ।

**1.*गुरुकुल पद्धति से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प कौशल विकास***

आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। आत्मनिर्भर भारत का निर्माण उन व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा संभव है, जो स्वयं में निर्णय करने में सक्षम हों और जो अपने प्रयासों से समाज और देश की प्रगति में भागीदार बन सकें। गुरुकुलों की शिक्षा पद्धति ने न केवल शैक्षिक ज्ञान दिया, बल्कि यह जीवन के हर आयाम में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी दी।

**2.*छात्रों की आत्मनिर्भरता***

गुरुकुलों में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन में सही निर्णय लेने, समाज में अपनी भूमिका निभाने, और स्वयं के जीवन के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाने का था। एक आत्मनिर्भर छात्र वह है जो न केवल पुस्तकीय ज्ञान में परिपूर्ण हो, बल्कि वह अपनी सोच, कार्य और निर्णयों में स्वतंत्र हो। उसे अपने कार्यों के परिणामों का बोध हो और वह दूसरों पर निर्भर रहने की अपेक्षा स्वयं मार्ग तय करने में सक्षम हो ।रोजगार करने खोजने के स्थान पर रोजगार दाता बनें ।गुरुकुलों में विद्यार्थी को संस्कार, नैतिक शिक्षा और जीवन कौशल सिखाए जाते थे। यह शिक्षा उसे जीवन के विभिन्न संघर्षों और समस्याओं का समाधान ढूंढने की क्षमता देती थी। आत्मनिर्भर छात्र वही है, जो न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करें और समाज में बदलाव लाने का कार्य करें।वेदों और शास्त्रों की शिक्षा के माध्यम से वेदों और उपनिषदों के अध्ययन से विद्यार्थियों में भाषायी कौशल, विचारशीलता, तर्कशक्ति, और काव्य रचनात्मकता का विकास होता था। इसके अतिरिक्त संस्कृत साहित्य, गणित, खगोलशास्त्र, चिकित्सा शास्त्र, और अन्य शास्त्रों का अध्ययन भी किया जाता था।

गुरुकुलों में आयुर्वेद और चिकित्सा, आत्मरक्षा, युद्धकला, शस्त्र विद्या शस्त्रनिर्माण, वाणिज्य व्यवसाय , विदेश नीति, आंतरिक सुरक्षा, देश की सीमा सुरक्षा, हर व्यक्ति का सैन्य प्रशिक्षण, तर्क शास्त्र, खेल कूद, कृषि विज्ञान, मौसम विज्ञान की शिक्षा भी दी जाती थी। आयुवेर्दाचार्य, वैद्य, और चिकित्सक शल्य चिकित्सक के रूप में रोजगार प्राप्त करने के अवसर थे। इस प्रकार के विशेषज्ञ व्यक्ति गुरुकुलों से प्रशिक्षित होकर स्वास्थ्य सेवाओं में कार्य करते थे। वस्तुतः प्राचीन भारत गुरुकुलों के माध्यम से ही अपनी सामाजिक व्यवस्थाओं का निर्माण करता था, एवं समाज के सामूहिक प्रयास से गुरुकुलों का संचालन भी होता था हर क्षेत्र में अपने स्वायत्त गुरुकुलों की व्यवस्था होती थी । गुरुकुलों के माध्यम से ही भारत मे लघु एवं कुटीर उधोगों का एक व्यापक प्रसार था । वस्तुतः भारत कृषि प्रधान देश नहीं एक रोजगार प्रधान, उत्पादक एवं वस्तु निर्यातक देश था इन्हीं गुरुकुलों की शिक्षा पद्धति ने भारत को विश्वगुरु के पद पर हजारों लाखो वर्षों तक आसीन रखा ।इस प्रकार, प्राचीन गुरुकुल न केवल शिक्षा का केंद्र थे, बल्कि रोजगार के विभिन्न अवसर भी प्रदान करते थे, जिससे समाज के हर वर्ग को अपनी दक्षताओं का उपयोग करने का अवसर मिलता था।वर्तमान में भी कुछ गुरुकुल आयुर्वेद, योग और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े शिक्षा प्रदान करते हैं, जिसके द्वारा चिकित्सक, योग प्रशिक्षक, और आयुर्वेदिक सलाहकार के रूप में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। इस तरह गुरुकुलों से रोजगार के विभिन्न मार्ग खुल सकते हैं, यदि सही दिशा में कार्य किया जाए। गुरुकुलों के माध्यम से आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ाया जा सकता है अपितु यदि प्रयोग आरम्भ किये जाएं तो सामान्य विद्यालयों में गुरुकुल के अनुशासन एवं आचरण का आरंभ करके इसे वर्तमान में भी क्रियान्वित किया जा सकता है और कुछ स्तरों पर देश मे इसका आरम्भ शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जैसे स्वयंसेवी संगठनों एवं शैक्षिक संस्थाओ के माध्यम से आरम्भ भी हो चुका है ।गुरुकुलों में शिक्षा लेने आने वाले छात्रों या श्रद्धालुओं के लिए, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं, जैसे- यात्रा मार्गदर्शक, अतिथियों पर्यटकों तीर्थयात्रियों के लिए ठहरने की व्यवस्था आदि। हस्तशिल्प और कला कुछ गुरुकुल पारंपरिक कलाओं और हस्तशिल्प को सिखाते हैं, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। छात्र अपने कौशल को बाजार में बेच सकते हैं या शिल्प उत्पादों की बिक्री के लिए बाजारों में काम कर सकते हैं।

**3.*शिक्षक की आत्मनिर्भरता***

गुरुकुलों में शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं था, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना था। वह एक मार्गदर्शक, एक मित्र और एक संरक्षक के रूप में कार्य करते थे। आत्मनिर्भर शिक्षक वह होता है, जो न केवल शैक्षिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का निर्माण करता है। ऐसे शिक्षक विद्यार्थियों को इस बात का एहसास कराते हैं कि शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सफलता और संतुष्टि पाने के लिए है।

आत्मनिर्भर शिक्षक वह है, जो अपने ज्ञान के साथ-साथ अपनी शिक्षा की विधियों में भी नवाचार सृजन करता है और विद्यार्थियों को अपने प्रयासों से समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षक का यह दायित्व है कि वह विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि जीवन के अन्य पहलुओं में भी सफलता के मंत्र सिखाए।

**4.गुरुकुलों से शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संबंध**-गुरुकुलों की शिक्षा पद्धति में हर विद्यार्थी को स्वतंत्र रूप से सोचने, जीवन के विभिन्न पहलुओं में संतुलन बनाने, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा मिलती थी। यहां पर विद्यार्थियों को अपने हाथों से काम करने, कठिनाइयों का सामना करने और आत्मनिर्भर बनने की शिक्षा दी जाती थी। गुरुकुलों का यह संदेश आज भी प्रासंगिक है। यदि हम इस परंपरा को अपनाएं और शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दें, तो हम न केवल अपने विद्यार्थियों को सफल बना सकते हैं, बल्कि एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण भी कर सकते हैं।

आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हम अपने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाएंगे और उन्हें अपने जीवन के सभी पहलुओं में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी का अहसास कराएंगे। गुरुकुलों से प्राप्त शिक्षा पद्धति को आज के समय में अपनाकर हम आत्मनिर्भर छात्र और आत्मनिर्भर शिक्षक तैयार कर सकते हैं, जो अंततः एक आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत का निर्माण करेंगे।

## सेवानिवृत्ति पर जनपद न्यायाधीश को दिया 'गार्ड ऑफ ऑनर'



**कैराना। जनपद न्यायाधीश के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित करके उन्हें** गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार आगामी 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे है। बुधवार से न्यायालयों में शीतकालीन अवकाश शुरू हो रहा है, जिसके चलते मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर में स्थित डिस्ट्रिक्ट कोर्ट प्रांगण में जिला जज का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने बुके भेंट करके जिला जज का अभिनंदन किया। साथ ही, उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए सफल सेवानिवृत्ति के लिए शुभकामनाएं ज्ञापित की गई। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। विदित रहे कि जिला बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता विगत 19 दिसंबर को बार भवन में जनपद न्यायाधीश का विदाई समारोह आयोजित कर चुके हैं।

## पटियाला : डॉ. धर्मवीर गांधी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर माफी और इस्तीफे की मांग की

**पटियाला। सां**सद डॉ. धर्मवीर गांधी ने आज अपने सांसद कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री अमित शाह की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की। उन्होंने इस टिप्पणी को भारत के महानतम नेताओं में से एक की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया और शाह से तत्काल माफी मांगने और इस्तीफा देने की मांग की। डॉ. गांधी ने कहा, "डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरासत का अपमान करना न केवल उनके योगदान को नकारने जैसा है, बल्कि यह पूरे देश की अस्मिता और समानता के मूल्यों पर आघात है। ऐसी टिप्पणियों के लिए माफी और इस्तीफा अनिवार्य है।" कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करते हुए लोकसभा और राज्यसभा में कड़ा रुख अपनाया। कांग्रेस सांसदों ने देशभर के विभिन्न शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना आक्रोश व्यक्त किया और अमित शाह के इस्तीफे की जोरदार मांग की। पटियाला में आयोजित इस संवाददाता सम्मेलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के प्रमुख सदस्यों ने भी भाग लिया। उन्होंने डॉ. अंबेडकर की विरासत को संरक्षित रखने और उनके प्रति सम्मान बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा केवल एक व्यक्ति के बयान का नहीं, बल्कि पूरे देश के संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों की रक्षा का है। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस की रणनीति के तहत देशभर में डॉ. अंबेडकर के सम्मान और उनके योगदान की रक्षा के लिए किया गया है। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि माफी और इस्तीफा नहीं दिया गया, तो विरोध प्रदर्शन और तेज होगा।

## भाजपा ने अटल जी की जन्म शताब्दी सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। भारतवर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर बुधवार को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाई है।** इस अवसर पर मैलहन बाजार से नगर पंचायत अध्यक्ष फूलपुर अमरनाथ यादव के नेतृत्व में मैलहन बाजार से आदर्श इंटर कॉलेज तक पैदल यात्रा निकालकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की शान में अटल जी अमर रहे के नारों के साथ अपने गंतव्य तक पहुंच कर विद्यालय में अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। जिसमें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अटल जी की देन बताया तथा अटल जी के कार्यकाल में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में जाना जाने लगा, फसल बीमा योजना अटल जी की ही देन है। आपातकाल में उन्होंने तत्कालीन सरकार का भरपूर विरोध किया था अटल जी सुचिता की रणनीति के पक्षधर थे। वर्ष 1999 में अटल जी को एक वोट के अंतर से अपने पद से इस्तीफा भी देना पड़ा था।





अटल जी सदैव सुचिता की राजनीति करते थे पार्टी को बहुतेरी चुनौतियों से बाहर निकाल कर मजबूती प्रदान करना उनका ही काम था। शताब्दी समारोह में मुख्य रूप से मनोज पाठक समरजीत मौर्य उमाकांत दुबे श्याम जी दुबे हिमांशु दुबे राकेश मोदनवाल बड़कऊ पटेल महबूब नेता मसूद खान धीरज मिश्रा उर्फ मोनू राहुल दुबे आशीष दुबे बजरंगी सोनी ओमप्रकाश एवं रवि मोदनवाल आदि रहे। इसी प्रकार ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह के नेतृत्व में अटल जी के जन्म दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमे ब्लाक प्रमुख पति वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह,महबूब नेता, मसूद खान आदि रहे।

## सुशासन कार्यशाला में डीएम ने किया भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित

**कन्नौज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि अपने कार्य में सेवा की भावनाएं लाये, यहीं सुशासन सप्ताह का उद्देश्य है। सुशासन, संवेदनशील प्रशासन, सशक्त प्रशासन को दशार्ता है। कहा कि किसी भी कार्य में इंट्रेस्ट लोगे तो आउट पुट अवश्य ही मिलेगा।

सभी लोग कुछ नया सोच कर करने का प्रयास करें, जब यहां से कार्यालय छोड़ कर जाये तो कुछ देकर जाये, जिससे आप द्वारा दिए गये योगदान को लोग याद रखें। इस मौके पर सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत विजन दस्तावेज 2047 के तहत संख्या विभाग, स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास, ओडीओपी, खेलकूद, पर्यावरण, भूगर्भ जल, स्वच्छता,



जल जीवन मिशन, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, लैंगिंक समानता, सामाजिक सुरक्षा, ऊर्जा, परिवहन, साइबर क्राइम, कानून व्यवस्था आदि विभागों द्वारा अपना-अपना विजन 2047 के संबंध में प्रस्तुत किया गया।

आयोजित कार्यशाला में जिलाधिकारी ने सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता में कु0 नन्दनी दुबे, काजल सिंह, प्रियांशी दीक्षित, एवं निबन्ध प्रतियोगिता में कु0 अमृतदीप कौर, अंशिका शर्मा, वैष्णवी तथा एकल काव्य पाठ में कु0 करिश्मा, अंकिता वर्मा, काजल कुल 09 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, परियोजना अधिकारी डीआरडीए रामऔतार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बसपाईयों ने बाबा साहब पर अमित शाह की टिप्पणी पर कलक्ट्रेट परिसर तक पैदल मार्च निकाला

**शामली। केन्द्रीय** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडर पर की गई टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को बसपाईयों में उबाल आ गया। हाईकमान के निर्देश पर बसपा के सैकडों कार्यकताओं ने शहर के टंकी रोड स्थित रविदास मंदिर से कलक्ट्रेट परिसर तक पैदल मार्च निकाला और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा।

संसद में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर पूरे देशभर में विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जा रहे है। जिसके विरोध में मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के सैकडों पदाधिकारियों ने शहर के टंकी रोड स्थित संत शिरोमणि रविदास मंदिर से एक पैदल मार्च निकाला।



पैदल मार्च शहर के गुरूद्वारा, एसटी तिराहा को होते हुए शामली कलक्ट्रेट पहुंचा, जहां बसपा कार्यकताओं द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम न्यायिक परमानंद झा को सौंपा।

जिसमें कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा अपने व्यक्तव्य में भारतीय संविधान के मूल निमार्ता एवं बहुजनों के मसीहा डा. भीमराव अंबेडर के प्रति अमर्यादित एवं उपहासपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया गया है। यह न केवल अशोभनीय है बल्कि बाबा साहब के प्रति गहरी असंवेदनशीता व जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है।

बसपा कार्यकताओं ने राष्ट्रपति से मांग की है कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए इस गंभीर मामले में उचित कदम उठाया जाये। कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स भी तैनात रहा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील जाटव, सहारनपुर मंडल प्रभारी सरफराज राईन, रजनीश उजाला, जगपाल सिंह, प्रमोद प्रधान, डा. ब्रजपाल सिंह, संजय प्रधान, देवीदास जयंत, ताहिर राणा, हरपाल सिंह कश्यप, वीर सिंह, मुकेश सैनी, कुलदीप, नंदकुमार प्रधान, विनोद जैन, विनोद सैनी आदि मौजूद रहे।

डल्ली ं३ॐल्ल३
ट्ट रूंल्लल्ली ि८ ॠं

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में खाई में गिरा सेना का ट्रक, पांच जवान शहीद

**पुंछ। जम्मू-क**श्मीर के पुंछ सेक्टर में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां सेना का एक वाहन हादसे का शिकार हो गया। इसमें पांच सैनिक शहीद हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे में पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मनकोट सेक्टर के बलनोई इलाके में हुआ। यहां भारतीय सेना का एक वाहन 300 फीट गहरी खाई में गिर गया। शुरूआती रिपोर्टों से पता चला है कि इस घटना में कई सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं और पांच सैनिक शहीद हो गए हैं। व्हाइट नाइट कॉर्पस ने सैनिकों के निधन पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "पुंछ सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान हुए एक वाहन दुर्घटना में पांच बहादुर सैनिकों के शहीद होने पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। बचाव अभियान जारी है और घायल कर्मियों का इलाज किया जा रहा है।" इस हादसे पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने दुख जताया। उन्होंने कहा, "पुंछ, जम्मू-कश्मीर में सेना का वाहन खाई में गिरने से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। हम सब शहीद हुए जवानों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे। भावभीनी श्रद्धांजलि।" सूत्रों के अनुसार, सैनिक अपनी पोस्ट पर जा रहे थे, तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह दुर्घटना हुई। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की है कि वाहन में कुल 18 सैनि?क सवार थे।



घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पाकिस्तान के झंडे के साथ इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड, जांच शुरू

**कैराना। इंस्टाग्राम** आईडी पर पाकिस्तान के झंडे के साथ में एक फोटो अपलोड की गई है। अपलोडिड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान के झंडे के साथ में एक फोटो अपलोड की गई है, जिसमें तीन युवक नजर आ रहे है। फोटो में दिख रहे युवकों में दो अर्धनग्न है, जबकि तीसरे ने आंखों पर चश्मा लगा रखा है। फोटो में नजर आ रहे युवक नगर पालिका परिषद कैराना के वार्ड संख्या-04 के रहने वाले बताए जा रहे है। फोटो गुफरान अनीस नामक इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड की गई है। वहीं, इंस्टाग्राम पर अपलोडिड फोटो के स्क्रीन शॉट को सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर पोस्ट करके शामली पुलिस से मामले की शिकायत की गई है, जिस पर कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को जांच करके कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच करने के उपरांत मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।




## कैराना में मॉर्निंग रेड के दौरान 13 घरों में पकड़ी बिजली चोरी, हड़कंप

### दो विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ मीटर टेंपर्ड के आरोप में दर्ज कराया गया मुकदमा

**कैराना। अधी**क्षण अभियंता शामली राजेश तोमर के नेतृत्व में बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने कस्बे के कई मोहल्लों में मॉर्निंग रेड के दौरान 13 घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। आरोपियों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, दो विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ भी मीटर टेंपरिंग(छेड़छाड़) के आरोप में एफआईआर पंजीकृत की गई है।

मंगलवार तड़के विद्युत विभाग एवं विजिलेंस की संयुक्त टीम ने अधीक्षण अभियंता शामली राजेश तोमर के नेतृत्व में कस्बे में विद्युत चोरों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान मोहल्ला आलकलां, बिसातयान व भूरा चुंगी में छापेमारी की गई। जहां पर करीब 13 घरों में मीटर से अलग एलटी लाइन पर तार डालकर सीधे बिजली चोरी होते हुए मिली। टीम द्वारा विद्युत चोरी में इस्तेमाल किये जा रहे केबिल आदि जब्त करते हुए वीडियोग्राफी की गई। विजिलेंस व विद्युत विभाग की छापेमारी से बिजली चोरी कर रहे लोगो में हड़कंप मच गया।



टीम में अधिशासी अभियंता चतुर्थ पुनीत निगम, एसडीओ कैराना अमित गुप्ता, अवर अभियंता साजिद अली, जोखन चौहान, रवि वर्मा, तकनीशियन ग्रेड-2 मोहम्मद कय्यूम तथा विजिलेंस प्रभारी रोहित मलिक, उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, अवर अभियंता मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

वहीं, अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अत्यधिक लाइन लॉस के चलते विद्युत चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग में छापेमार अभियान चलाया गया है, जिसमें 13 घरों में बिजली चोरी होते हुए पाई गई है।

सभी के विरुद्ध विद्युत

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय में टेकवेगेन्जा वी -12.0 का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद।** एच आर आई टी विश्वविधालय, गाजियाबाद मे टेकवेगेन्जा वी -12.0 कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविधालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. वैशाली अग्रवाल, कुलपति डॉ. डी. के. शर्मा, डीन डॉ० निर्दोष अग्रवाल, डा0 उमेश कुमार सिंह, डॉ0 अनिल त्यागी, डॉ0 एम के जैन, विनोद कुमार, डॉ0 नवनीत शर्मा, आदि के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके अलावा, विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक और तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम मे विभिन्न स्कुल/कालेजों के छात्रों द्वारा भाग लिया गया।जैसें बी0 आर अम्बेडकर कालेज, पटेल नगर, पुणोर्जली इंटर कालेज, सैतंली, न्यू सरस्वती इंटर कालेज, मुरादनगर, बाबा इंटर कालेज, गाजियाबाद, सिद्धार्थ शिभु एकेडमीं,



लोनी इन्टर कालेज, लोनी, आई एम एस इंजीसिंग कालेज, आई टी एस, गजियाबाद पब्लिक स्कुल, दुहाई, इन्ग्राहम इंटर कालेज, सेठ मुकन्द लाल इन्टर कालेज आदि कालेजो के छात्रों ने बढ चढकर भाग लिया। कार्यक्रम में लोगो डिजाइन का विनर सोम्या गोयल रनर अप अभिषेक सिंह, लीगल डिबेट का विनर विनर साक्षी , मनोरमा रनर अप वशीका, ?मस ऑफिस क्विज का विनर शुभाशु रनर अप मंयक , ग्रुप डिस्कशन का विनर जोयल कुमार सैफी रनर अप निकिता ,, साइंस क्विज का विनर कोमल रनर अप हिमेश , चैंस का विनर सारा, वैभव रनर अप साहिल तौमर, यश , हिस्ट्री क्विज का विनर वंशिका चौधरी रनर अप सुरभी चौधरी , मैनेजमेंट क्विज का विनर प्रशांत तोमर और रवीत बैसला रनर अप अभिषेक सिंह,आशीष वर्मा व हिताशी सिरोही , फामार्सी क्विज का विनर विकास पटैल रनर अप कृष्णा , क्लैश ऑफ क्लान का विनर कर्तिक रनर अप पवन,, मॉडल प्रेजेंटेशन का विनर योगेश कुमार रनर अप प्रोनिता, वेब आर्ट का विनर रिया रनर अप गुगन , ३ सी कुकिंग का विनर कुलदीप, शिवम, पकजं रनर अप चिराज, सागर,कोमल, पोएट्री कम्पटीशन का विनर खुशी वर्मा रनर अप विधी नहरा, सर्किट मानीया का विनर लखन सिंह रनर अप विकास , रंगोली कम्पटीशन का विनर परी एंड ग्रुप रनर अप इलमा एंड ग्रुप , फुटबॉल (स्कुल) विनर डी पी एस एच आर आई टी कैम्पस फुटबॉल (स्कुल) विनर एच आर आई टी विश्वविधालय, टग आफ वॉर (गर्ल्स) बाबा इंटर कालेज ,टग आफ वॉर (ब्वाज) न्यु सरस्वती इंटर कालेज, बेड मिनटन (गर्ल्स) विनर उपासना रनर अप यशिका ,बेडमिनटन (बॉयज ) विनर विभोर रनर अप हिमाशु चौधरी, क्रिकेट के विनर आर आई टी विश्वविधालय रनर अप आई टी एस, मुरादनगर सेल्फ मेड पॉयम का विनर शिवम रनर अप मरीयम रहें।

फैशन शो का विनर आई टी एस मुरादनगर रनर अप पुणोर्जली स्कुल सैतंली, पर रहें। फामेर्सी विभाग के छात्रों ने साइंटिफिक मॉडल और स्टार्टअप प्रदर्शित किए, जो उनकी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को दशार्ते हैं। यह प्रदर्शनी फामेर्सी के उज्ज्वल भविष्य की ओर संकेत करती है। कुलाधिपति डॉ0 अनिल अग्रवाल के द्वारा सभी सफल छात्रों को पुरस्कार के साथ-साथ प्रमाण पत्र व मेडल का वितरण किया व साथ ही विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## एर्दोगन ने तुर्की में न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की

**एजेंसी**

**मॉस्को।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि देश में न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत बढ़ाकर 22,104 तुर्की लीरा (लगभग 630 डॉलर) कर दिया गया है। श्री एर्दोगन ने 'एक्स' पर कहा, 2025 में, शुद्ध न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत वृद्धि के साथ 22,104 तुर्की लीरा होगा। इसे हमारे देश और इसके लोगों के लिए फायदेमंद होने दें। पिछले साल सरकार ने न्यूनतम वेतन 49 प्रतिशत बढ़ाकर 17,002 तुर्की लीरा कर दिया था। हालाँकि, कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ टर्किश ट्रेड यूनियन्स, जिसने न्यूनतम वेतन 29,583 लीरा का आह्वान किया है, ने इस मुद्दे पर हाल की बैठक में भाग नहीं लिया। न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की तुर्की में विपक्षी समूहों ने कड़ी आलोचना की है और सोशल मीडिया पर इसकी व्यापक चर्चा हो रही है। नवंबर में, तुर्की में वार्षिक मुद्रास्फीति दर 47.1 फीसदी थी।

## ग्रीनलैंड खरीदने को लेकर ट्रंप सौ प्रतिशत गंभीर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड और पनामा नहर को खरीदने को लेकर गंभीर हैं, क्योंकि उनका मानना ??है कि अमेरिका एक ऐसा साम्राज्य है जो अगर विकसित नहीं हुआ तो ढह जाएगा। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने सूत्रों के हवाले यह खबर दी है। आने वाले अमेरिकी नेता के करीबी एक सूत्र ने कहा, श्री ट्रम्प का मानना है कि जो साम्राज्य विकसित नहीं होते हैं वे असफल होने लगते हैं। वह इतिहास के छात्र हैं, और यह विचारधारा के विद्यालयों में से एक हैज वह वास्तव में पिछले राष्ट्रपतियों के पक्षधर हैं जो महाद्वीप पर विस्तारवादी थे। वह जानते हैं यह एक विरासत वस्तु है जिसे राजनीतिक विरोध द्वारा विकृत या छीना नहीं जा सकता है। जबकि दूसरे ने कहा कि वह इस मामले पर ÷ 100 प्रतिशत गंभीर है। सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा श्री ट्रम्प के पिछले कार्यकाल के दौरान, उनके प्रशासन ने वास्तव में इस मुद्दे को संबोधित किया, जिसमें खरीद के तरीकों का निर्धारण करना और लेनदेन में संभवतः उपयोग की जाने वाली संपत्तियों की पहचान करना शामिल है।

## बाइडेन ने 895 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर किये हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 895 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर हस्ताक्षर किये हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस'



सूत्रों ने बताया कि श्री बाइडेन अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों की 895 अरब डॉलर के रक्षा बजट पर सहमति बनने के बाद इस पर हस्ताक्षर किये हैं। यह अगले साल 2025 से प्रभावी होगा। गत 18 दिसम्बर को बताया गया कि मसौदा बजट में भारत-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी उपस्थिति को मजबूत करने, सैन्य वेतन में वृद्धि, सात नए जहाजों का निर्माण और देश के रक्षा उद्योग को मजबूत करने के उपाय शामिल हैं।

## रूस का मालवाहक जहाज 'उर्सा मेजर' विस्फोट के बाद भूमध्य सागर में डूबा, स्पेन ने 14 क्रू मेंबर को बचाया, 2 लापता


**मॉस्को।** स्पेन और अल्जीरिया के बीच भूमध्य सागर में एक रूसी मालवाहक जहाज उर्सा मेजर डूब गया। उसके चालक दल के दो सदस्य लापता हैं। स्पेन की समुद्री बचाव एजेंसी के मुताबिक उर्सा मेजर के चालक दल के 14 सदस्यों को सुरक्षित बचा कर स्पेन भेजा गया है। यह जहाज इंजन रूम में विस्फोट के बाद डूबने लगा। स्पेन मैरीटाइम रेस्क्यू सर्विस ने दो जहाज और एक हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर भेजकर उर्सा मेजर के 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचाकर उन्हें उन्हें कार्टाजिना पोर्ट पर पहुंचाया। रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार जहाज के 16 चालक दल के सदस्यों में से 14 को रेस्क्यू करके स्पेन लाया गया लेकिन दो सदस्य अभी भी लापता हैं। जहाज के इंजन रूम में विस्फोट का कारण क्या था, इसके बारे में अभी पता नहीं चला है। यह मालवाहक जहाज रूस के पूर्वी बंदरगाह व्लादिवोस्तोक जा रही थी और जहाज पर दो विशाल पोर्ट क्रेन लदे थे। इस जहाज को 2009 में समुद्र में उतारा गया था, जिसके ऑपरेशन की जिम्मेदारी रूसी रक्षा मंत्रालय के सैन्य निर्माण कार्यों की देखरेख करने वाली कंपनी ओबोरोनलॉजिस्टिका के पास थी। ओबोरोनलॉजिस्टिका द्वारा संचालित यह सबसे बड़ा मालवाहक जहाज था, जो सैन्य व नागरिक सामान का परिवहन करता है।

# फ्रांस में चक्रवाती तूफान से करीब 35 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बायरू कहा है कि 14 दिसंबर को फ्रांस के हिंद महासागर क्षेत्र मायोट में चक्रवात चिडो के आने से करीब 35 लोगों की मौत हुई है। श्री बायरू ने बीएफएमटीवी से कहा कि उन्हें लगता है कि जो भयावह और कभी-कभी भयावह संख्याएं सामने आती हैं, वे वास्तविकता में सही नहीं होती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार मायोट में अब तक 35 लोगों के मारे की पुष्टि हुई है, लेकिन चक्रवात के तुरंत बाद स्थानीय प्रीफेक्ट फ्रांस्वा-जेवियर बियुविले ने आशंका जताई कि यह संख्या निश्चित रूप से कई सौहोगी और हजारों तक पहुंच सकती है। प्रीफेक्ट ने फ्रांस इन्फो रेडियो से कहा था कि क्षेत्र में जांच अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, जिससे हमें लगता है कि हम 35 के इस आंकड़े की पुष्टि करेंगे। उन्होंने कहा,मैं कभी भी भयावह नहीं रहा, मैं बस पीड़ितों की



संख्या नहीं बता सकता अधिकारियों ने कहा कि 10 दिन पहले हुई आपदा के बाद मौतों के पैमाने का निर्धारण करना मुश्किल है, क्योंकि मैयट के कई इलाकों तक पहुँचना मुश्किल है और पीड़ितों को इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार 24 घंटे के भीतर दफना दिया गया है। फ्रांसीसी हिंद महासागर क्षेत्र मैयट की वास्तविक आबादी के बारे में भी अनिश्चितता है। आधिकारिक तौर पर इसमें 320,000 निवासी हैं, लेकिन अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 100,000 से 200,000 अनिर्दिष्ट प्रवासी भी वहाँ रह रहे होंगे।

फ्रांस के प्रधानमंत्री ने सोमवार रात बीएफएमटीवी से कहा, ÷मुझे लगता है कि मृतकों की संख्या दर्जनों में होगी, न कि हजारों में।÷ गौरतलब है कि यह द्वीपसमूह फ्रांस के सबसे गरीब हिस्सों में से एक है, जहाँ के कई निवासी झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं। चक्रवात चिडो 90 वर्षों में इस क्षेत्र में आने वाला सबसे भयानक तूफान था, जिसने 260 किमी/घंटा (160 मील प्रति घंटे) की गति से हवाएँ चलाईं और उन क्षेत्रों को तहस-नहस कर दिया, जहाँ लोग धातु की छतों वाली झुग्गियों में रहते थे। फ्रांस ने सोमवार को चक्रवात के मद्देनजर एक दिन का राष्ट्रीय शोक मनाया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले सप्ताह इस क्षेत्र का दौरा किया था, और उन्हें गुस्साए स्थानीय लोगों ने घेर लिया था, जो तबाह हुए क्षेत्रों में और अधिक सहायता की मांग कर रहे थे।

## इजरायली हमलों के कारण गाजा पट्टी में 20 से अधिक लोगों की मौत



**एजेंसी**

**काहिरा।** पिछले दिनों गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए और 51 घायल हो गए। गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली कब्जे ने गाजा पट्टी में परिवारों का तीन नरसंहार किया, जिसमें 21 लोग मारे गए और 51 को अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर, 2023 में संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 45,338 हो गई है, जबकि 107,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया। इसके अलावा, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और बंधक बना लिया। इज़रायली अधिकारियों का कहना है कि छापे के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए। जवाब में, इज़रायल रक्षा बलों ने गाजा में ऑपरेशन आयरन स्वॉर्ड्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूर्ण नाकाबंदी की घोषणा की।

## वेस्ट बैंक में विस्फोट में इजरायली कर्नल घायल

**एजेंसी**

**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के कर्नल अयूब कयूफ बुधवार को वेस्ट बैंक पर एक बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में घायल हो गए। आईडीएफ ने बताया कि तुलकेरेम शहर के पास आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान वाहन पर हमला किया गया। विस्फोट के समय यहूदिया और सामरिया डिवीजन के कमांडिंग ऑफिसर ब्रिगेडियर जनरल याकी डॉल्फ़ भी वाहन में थे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, मेनाशे क्षेत्रीय ब्रिगेड के कमांडर [कायॉफ़] मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया। उनके परिवार को सूचित कर दिया गया है। वाहन में सवार बाकी यात्रियों को कोई चोट नहीं आई। इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) आतंकवादी प्रयासों को रोकने के लिए वेस्ट बैंक में छापेमारी जारी रखता है। अक्टूबर 2023 से




इजरायली सेना ने आतंकवादी गतिविधियों में 6 हजार से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ऐसा माना जाता है कि बंदियों में से लगभग 2 हजार तीन सौ का संबंध फिलिस्तीनी आंदोलन हमास से है।

## द. कोरियाई सरकार ने राष्ट्रपति यून, उनकी पत्नी की जांच विधेयक को किया खारिज : रिपोर्ट

**एजेंसी**

**सोल।** दक्षिण कोरिया की कैबिनेट ने देश के राष्ट्रपति यून सुक-योल और प्रथम महिला किम केओन-ही की गतिविधियों की जांच करने के लिए एक विशेष अभियोजक नियुक्त करने के लिए दो विधेयकों को खारिज कर दिया, जिसकी मंजूरी देने के लिए मुख्य विपक्षी दल ने मांग की थी।यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। देश में मार्शल लॉ लागू करने की यून की अल्पकालिक घोषणा की जांच करने के लिए विशेष अभियोजक की नियुक्ति की आवश्यकता वाले बिल, साथ ही उनकी पत्नी किम के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई आरोपों वाले कथित बिल पर प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के नेतृत्व वाली



कैबिनेट की बैठक में विचार नहीं किया गया। समाचार एजेंसी ने कार्यवाहक राष्ट्रपति हान के हवाले से कहा मेरा मानना है कि हमें सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के साथ इस तरह से समझौता पर बहस और बातचीत शुरू करनी चाहिए जिससे अधिकांश लोग यह समझ सकें कि विशेष वकील ने जांच और नियुक्तियों को संविधान और कानून के अनुसार बिना किसी पूर्वाग्रह के पूरा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, हान संवैधानिक न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए भी जिम्मेदार हैं, जहां यून के खिलाफ महाभियोग पर विचार करने के लिए नौ सदस्यीय पैनल में फिलहाल तीन न्यायाधीश हैं जो कि कम है, रिपोर्ट में कहा गया कि महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए कम से कम छह वोटों की आवश्यकता है। दक्षिण कोरिया की संसद ने 14 दिसंबर को यून को मार्शल लॉ की विवादास्पद घोषणा करने के लिए महाभियोग चलाने के लिए मतदान किया। संवैधानिक न्यायालय 11 जून, 2025 तक इस मामले पर अंतिम निर्णय लेगा। यून को पद से निलंबित कर दिया जाएगा।

## पाकिस्तान के हवाई हमले में 15 लोगों की मौत से भड़के अफगानिस्तान ने कहा- जवाब देंगे

**एजेंसी**

**काबुल।** अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इस हमले से बौखलाए अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को जवाब देने की धमकी दी है।

समाचार पत्र डॉन ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तानी फाइटर जेट्स ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के पूर्वी इलाके के पक्तिका इलाके के तहरीक-ए-तालिबान के चार स्थानों पर बमबारी की। जिसमें कई लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से आधिकारिक तौर पर अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान फाइटर जेट्स ने 24 दिसंबर की रात को अफगानिस्तान के जिन इलाकों को निशाना बनाया, उनमें पक्तिका प्रांत के बरमल जिले में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 15 लोग मारे गए हैं। हमले



का निशाना बने गावों में लामन भी शामिल है जहां एक ही परिवार के पांच सदस्य मारे गए। बरमल का मुर्ग बाज़ार गांव पूरी तरह से नष्ट हो गया है और कई लोग हमले में घायल भी हैं। तालिबान के रक्षा मंत्रालय ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमलों का जवाब दिया जाएगा। मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों को दरकिनार कर यह हमला किया गया है। जबकि पाकिस्तान को यह सोचना चाहिए कि इन हमलों से समस्याओं का समाधान नहीं निकलने वाला है। हाल के महीनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बीच पाकिस्तान का ताजा हमला, दोनों देशों के बीच चल रहे टकराव को बढ़ा सकता है। पाकिस्तान आरोप लगाता है कि अफगानिस्तान में तालिबान इन आतंकवादियों को पनाह दे रहा है जबकि अफगान तालिबान इस आरोप से इनकार करता है।

## भारत से निमंत्रण नहीं मिलने पर अब पाकिस्तान और बांग्लादेश जाने की तैयारी में प्रधानमंत्री ओली

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का भारत भ्रमण का निमंत्रण पाने के लिए किए गए सारे प्रयास विफल होने के बाद अब बांग्लादेश और पाकिस्तान की यात्रा की तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए उन्होंने दोनों देशों के राजदूतों से अलग-अलग मुलाकात कर भ्रमण की तारीख तय करने को कहा है। काठमांडू में पाकिस्तान के राजदूत अबरार हाशमी ने प्रधानमंत्री ओली से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ही प्रधानमंत्री की तरफ से पाकिस्तान की यात्रा की इच्छा जताई गई। पांच दिन पहले ही बांग्लादेश के राजदूत सलाहुद्दीन चौधरी ने भी ओली से मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने ढाका की यात्रा की इच्छा जताई थी। हालांकि इन दोनों ही मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री के सचिवालय की तरफ से कुछ और जानकारी दी गई है। बांग्लादेश के राजदूत के साथ प्रधानमंत्री ओली की मुलाकात को विदाई भेंट कहा गया था। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल ने बताया कि राजदूत चौधरी को बांग्लादेश की सरकार ने यूएन में राजदूत बनाकर भेजने का निर्णय किया है जिसके बाद उन्होंने विदाई भेट की



थी। पाकिस्तान के राजदूत हाशमी के साथ कल हुई मुलाकात को लेकर भी रिमाल ने बताया कि यह एक सामान्य शिष्टाचार मुलाकात थी जिसमें सार्क को पुनः सक्रिय करने को लेकर बातचीत हुई है। रिमाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने सार्क को सक्रिय करते हुए पाकिस्तान में प्रस्तावित सार्क शिखर सम्मेलन के जल्द से जल्द संपन्न कराने को लेकर अपनी तरफ से पूरा प्रयास करने की बात हुई है। नेपाल इस समय सार्क का अध्यक्ष देश है और पाकिस्तान में प्रस्तावित सार्क सम्मेलन में पाकिस्तान को अध्यक्षता सौंपने की बात है। हालांकि भारत के विरोध के बाद अब तक सार्क सम्मेलन नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार चाहे जो भी दलीलें दें लेकिन बांग्लादेश और पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री ओली की तरफ से अपने-अपने देशों में भ्रमण की इच्छा जताने और इसके लिए इस्लामाबाद से लेकर ढाका तक में संदेश पहुंचने की बात स्वीकार की है।

# पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन (78) को बुखार आने के बाद वाशिंगटन डीसी के मेडस्टार जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी उनके डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ एंजेल उरेना ने दी।

उरेना ने सीएनएन को बताया, 'पूर्व राष्ट्रपति क्लिंटन की तबीयत ठीक है।' उन्होंने आगे कहा कि वे अच्छे मूड में हैं और क्रिसमस तक घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। क्लिंटन वाशिंगटन में अपने आवास पर थे जब उन्हें अस्पताल ले जाने का फैसाल किया गया। पूर्व राष्ट्रपति कथित तौर पर 'होश में हैं और अलर्ट' हैं। डॉक्टर उनकी जांच कर रहे हैं और उनकी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उनकी मेडिकल टीम उनके ठीक होने को लेकर आशावादी है। बिल क्लिंटन जनवरी 1993 से जनवरी 2001 तक अमेरिका के



राष्ट्रपति पद रहे । 42वें राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने करीब 25 साल पहले व्हाइट हाउस छोड़ा था। पिछले कुछ वर्षों में वह कई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। 2004 उनकी क्यूडेरपल बाईपास हार्ट सर्जरी हुई, जबकि 2005 में फेफड़े की सर्जरी हुई। 2010 में उन्हें कोरोनरी स्टेंट लगाए गए और 2021 में गंभीर ब्लड इंफेक्शन के लिए उनका इलाज किया गया। इस दौरान उन्हें लॉस एंजिल्स में छह दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। इन शारीरिक परेशानियों के बावजूद, क्लिंटन सार्वजनिक रूप से काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने इस गर्मी में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में भाषण दिया और अपनी पुस्तक ÷सिटीजन÷ माई लाइफ आफ्टर द व्हाइट हाउस÷ के प्रचार के लिए यात्रा करते हुए काफी समय बिताया।

अगस्त में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में बोलते हुए क्लिंटन ने कहा, भले ही मैं 23 साल से अधिक समय से व्हाइट हाउस से दूर हूं, लेकिन एक भी दिन ऐसा नहीं जाता जब मैं भगवान को इस बात के लिए धन्यवाद न दूं कि मुझे सेवा करने का मौका मिला और इसके क्या मायने हैं।

## ईरान सरकार का बदल रहा रुख, नए हिजाब कानून पर रोक, व्हाट्सएप व गूगल प्ले से पाबंदी हटाई

**एजेंसी**

**तेहरान।** अपने सख्त इंटरनेट प्रतिबंधों के लिए मशहूर ईरान अब अपना रुख बदल रहा है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने मेटा के मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और गूगल प्ले पर से पाबंदी हटा ली है। नए सख्त हिजाब कानून से जुड़े विधेयक को रोके जाने के बाद यह ईरान की सरकार के बदलते तेवर की एक और कड़ी है। ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की अध्यक्षता में हुई बैठक के हवाले से बताया है कि व्हाट्सएप और गूगल प्ले जैसे कुछ लोकप्रिय विदेशी प्लेटफॉर्म से प्रतिबंध हटाने पर सकारात्मक बहुमत के बाद यह फैसला लिया गया है। देश के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री सत्तार हाशमी ने इसे इंटरनेट से प्रतिबंध हटाने की दिशा में पहला कदम बताया है। ईरान में अब लोग मेटा मैसेजिंग प्लेफॉर्म व्हाट्सएप और



गूगल प्ले का इस्तेमाल कर सकेंगे। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का व्यापक इस्तेमाल किया गया था, जिसके बाद सरकार ने इसपर सख्त प्रतिबंध लगा दिए थे। हालांकि सितंबर में अमेरिका ने बिग टेक कंपनियों से अपील की थी कि वे उन देशों में ऑनलाइन सेंसरशिप को खत्म करने में मदद करें, जहां इंटरनेट पर भारी प्रतिबंध लगाए हैं। इससे पहले 18 दिसंबर को ईरान ने महिलाओं के हिजाब पर नए सख्त कानून को लागू किए जाने की प्रक्रिया रोक दी थी। यह कानून सितंबर 2022 में संसद द्वारा स्वीकृत हुआ था लेकिन इसे अब सरकार के पास नहीं भेजा जाएगा।इस कानून में हिजाब पहनने से इनकार करने वाली महिलाओं के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। साथ ही उन व्यवसायों पर भी जुर्माना लगाया जाना था जो ऐसी महिलाओं को सेवाएं प्रदान करते हैं।

## चुनाव नतीजों की पुष्टि के बाद मोजाम्बिक में झड़पों में 21 की मौत

**एजेंसी**

**मापुटो।** मोजाम्बिक में राष्ट्रपति चुनाव के अंतिम नतीजों की घोषणा के बाद 24 घंटों में कम से कम 21 लोग मारे गए हैं। लूसा समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने आंतरिक मंत्री पास्कोल रोंडा का हवाला देते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में, देश की पुलिस ने गंभीर हिंसा की कुल 236 घटनाएं दर्ज की हैं, जिसके परिणामस्वरूप 21 लोगों की



मौत हो गई। मोजाम्बिक की संवैधानिक परिषद ने अक्टूबर चुनाव के नतीजों की पुष्टि की। जिसके चलते सत्तारूढ़ पार्टी एफआरईएलएमओ के उम्मीदवार डैनियल चापो की जीत हुई। मोज़ाम्बिक में 9 अक्टूबर को आम चुनाव हुआ, जिसके प्रारंभिक नतीजों से पता चला कि चापो राष्ट्रपति पद के लिए आगे हैं। स्वतंत्र उम्मीदवार मोंडलेन ने प्रारंभिक परिणामों पर अपनी असहमति व्यक्त की और व्यापक सविनय अवज्ञा कार्रवाई का आह्वान किया।

# विमान खरीद मामले में अमेरिकी कंपनी पर 55 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**एजेंसी**

**काठमांडू।** अमेरिकी सरकार ने एएआर कॉर्प पर नेपाल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन के लिए दो वाइडबॉडी विमानों की खरीद में नेपाली अधिकारियों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 55 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है। अमेरिकी कंपनी एएआर कॉर्प ने एयरबस खरीद समझौते को लेकर रिश्वत में 2.5 मिलियन डॉलर का भुगतान किया था।अमेरिकी न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि एएआर कॉर्प ने भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों का उल्लंघन किया है। इसके कारण उस पर जुर्माना लगाया गया है। एएआर के एक अधिकारी ने नेपाल और दक्षिण अफ्रीका में सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने और अवैध मुनाफे में 24 मिलियन डॉलर के मुनाफ की बात स्वीकार की है। दिसंबर 2016 में नेपाल एयरलाइंस



कॉर्पोरेशन (एनएसी) ने लंबी दूरी की उड़ान क्षमताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए एएआर कॉर्प से दो वाइडबॉडी विमान खरीदे। एनएसी के नैरो बॉडी विमानों के मौजूदा बेड़े के साथ लंबी दूरी के मार्गों को संभालने में असमर्थ होने के कारण तत्कालीन प्रचंड सरकार ने वाइडबॉडी विमान खरीदने का निर्णय लिया गया था। 26 जनवरी, 2017 को एनएसी के बोर्ड ने 274 यात्रियों के बैठने की क्षमता वाले दो एयरबस ए-330 विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी।26 सितंबर, 2016 को इस संबंध में जारी टेंडर के बाद 10 कंपनियों ने प्रस्ताव पेश किए। एएआर कॉर्प को अंततः चुना गया था। फरवरी 2017 में एनएसी ने एएआर कॉर्प को एक मिलियन डॉलर का अग्रिम भुगतान किया। विवाद तब सामने आया जब भुगतान विवरण 2017 के मध्य में सार्वजनिक हो गया। 2018 में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोनों विमानों के पहुंचने के बाद इसकी खरीद के लिए अनियमितताओं का आरोप लगा। इसके बाद सरकार ने जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोविंद प्रसाद पराजुली के नेतृत्व में आयोग का गठन किया, लेकिन प्रक्रियात्मक देरी के कारण आयोग की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी।

## राज्य स्तर पर सम्मानित हुए जिले के 01 एफपीओ तथा 02 किसान

**बहराइच। कृषि** विभाग बहराइच के तत्वावधान में हरियाली रिसार्ट लखनऊ रोड बहराइच में भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी के जन्म दिवस के पावन अवसर पर आयोजित एक दिवसीय जनपद स्तरीय सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेन्सन योजना अन्तर्गत किसान मेला, कृषि प्रदर्शनी, रबी उत्पादकता गोष्ठी, मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम आयोजन का उद्घाटन विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए प्रदर्शनी एवं स्टाल रहे । प्रदर्शनी में विशेष रूप से जिले के कृषक उत्पादक संगठनों ने बढ़चढ़कर अपने जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम विभाग तथा मिलेट्स रेसिपी तथा जैविक स्टाल लगाए। इस अवसर पर कृषि विभाग के 08, उद्यान विभाग के 08, रेशम के 04, मत्स्य के 04, दुग्ध विभाग के 02, कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच व नानपारा के 02-02, मिलेट्स के अन्तर्गत सांवा एवं रागी के 02 तथा पराली प्रबन्धन के 01 तथा गौरया संरक्षण के मिथिलेश जायसवाल को किसान सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अनुदान पर उपलब्ध कराये गये कृषि यंत्रों से सम्बन्धित 08 कृषकों को जिसमें 02 कम्बाईन हार्वेस्टर, 06 कस्टम हायरिंग सेण्टर से लाभान्वित किसानों को तथा परम्परागत कृषि विकास योजना से जैविक उत्पादकों की ब्रांडिग/पैकेजिंग वाहन को विधायक महसी श्री सिंह, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, डीडी एग्री टी.पी. शाही ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा, रामसेवक वर्मा द्वारा अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी बहराइच डॉ आनन्द शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी राजेश कुमार उपाध्याय, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र, रेशम के एमके सिंह, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर उदय शंकर सिंह, नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा, एफपीओ नोडल शिशिर कुमार वर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह संचित, दिवाकर पाण्डेय, अमृेन्द्र सिंह, शिवशंकर सिंह सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## क्रिसमस से पर्व बेकरी प्रतिष्ठानों से संग्रहीत किये गये नमूने

**बहराइच।** सुशासन सप्ताह अन्तर्गत प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर में क्रिसमस पर्व के अवसर पर मिलावटी बेकरी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है

यह जानकारी सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन बहराइच डॉ. अमर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चलाये जा रहे अभियान अन्तर्गत क्वालिटी बेकर्स, हुजूरपुर रोड, कैसरगंज, के प्रतिष्ठान से केक, रॉयल बेकर्स, बसौना बाजार के प्रतिष्ठान से रस्क, फौजी बेकरी उद्योग के वाहन से नानपारा देहाती, नानपारा रोड, बहराइच से जीरा फैन, पाखी ट्रेडर्स, मिहींपुरवा रोड, नानपारा, से मैदा, एन.आर. डिस्ट्रीब्यूटर्स के वाहन से बाबागंज बहराइच में पाई केक, जे.के. ब्रदर्स केक एण्ड कैफे, डिगिहा तिराहा, बहराइच के प्रतिष्ठान से केक, तौहिद आलम, नाजिरपुरा, बहराइच से केक, कोहिनूर बेकर्स, अरकापुर, खुटेहना, पयागपुर, बहराइच के प्रतिष्ठान से प्रीमियम मिल्क रस्क का नमूना संग्रहीत किया गया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार शुक्ल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार वर्मा, श्रीमती कमला रावत, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, आदित्य वर्मा, अजय कुमार सिंह द्वारा बेकरी प्रतिष्ठानों नमूने संग्रहीत किये गये। सहायक आयुक्त डॉ. सिंह ने बताया कि संग्रहीत खाद्य नमूनों को खाद्य विश्लेषक को जांच हेतु प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## औद्योगिक विकास और शिक्षा के लिए यूपी ने जापान के यामानाशी के साथ की साझेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के यामानाशी प्रांत के राज्यपाल कोटारो नागासाकी का यहां गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उद्योग, पर्यटन और व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए यामानाशी प्रांत के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने एमओयू को भारत-जापान संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सहयोग से दोनों क्षेत्रों को पारस्परिक रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ह्यअसीमित संभावनाओंह्न वाला राज्य है और विकास एवं समृद्धि के लिए विशाल अवसर प्रदान करता है।

यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्वाड देशों के बीच साझेदारी को गहरा करने, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। राज्य के तेजी से बढ़ते बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से एक एक्सप्रेसवे राज्य बन रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे के चल रहे निर्माण के साथ, राज्य जल्द ही भारत के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का 55% हिस्सा बन जाएगा, जो कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करेगा। जापान में जीवंत भारतीय प्रवासियों द्वारा समर्थित भारत-जापान संबंध लगातार बढ़ रहे हैं। टोक्यो में निशिकासाई जिला, जिसे अक्सर ह्यमिनी-इंडियाह्न कहा जाता है, इस सांस्कृतिक बंधन का प्रतीक बन गया है, जहां 40 हजार से अधिक भारतीय रहते हैं। यह संपन्न समुदाय लोगों से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## पत्रकारों के साथ समन्वय, सीमा सुरक्षा और बेहतर कानून व्यवस्था होगी प्राथमिकता-रामनयन सिंह

**बहराइच। नवा**गत पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि जनपद बहराइच 110 किलोमीटर नेपाल सीमा पर अवस्थित है। पत्रकारों के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर सीमा सुरक्षा तथा जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था मेरी प्राथमिकता होगी।नवागत एसपी श्री सिंह मंगलवार को पूर्वाह्न पुलिस लाइन के सभागार में संवाददाताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले की कोई भी खबर सबसे पहले मीडिया के पास पहुंचती है और यदि पुलिस का मीडिया के साथ बेहतर लाल मिल रहा तो जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में आसानी रहेगी। उन्होंने कहा कि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मीडिया सेल के नोडल अधिकारी होंगे और सभी क्षेत्र अधिकारी संबंधित क्षेत्र के नोडल अधिकारी होंगे। किसी भी अपराधिक घटना या पुलिस के गुड वर्क को मीडिया सेल के ग्रुप में दिन में तीन बार भेजा जाएगा। नवागढ़ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वह 1994 के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं। यहां आने से पूर्व उनकी लखनऊ में तैनाती थी इसके अतिरिक्त वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में काम कर चुके हैं। संवाददाताओं द्वारा यह बताए जाने पर कि अब तक पुलिस से संवाद स्थापित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा इस पर पुलिस अधीक्षक का जवाब था कि काम करने का अवसर दीजिए समय के साथ चीजों में सुधार आएगा।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित तिवारी तथा प्रियंका यादव समेत अनेक पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।


**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है


# भाषण में अवंतिका, निबंध में लजीना तथा अकाल पाठ में साक्षी ने बाजी मारी

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर शासन के निर्देश पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बहराइच। उत्तर प्र**देश सरकार के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जानी है। इसी क्रम में किसान पीजी कॉलेज के डॉ.जे बी सिंह सभागार में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ओर से एकल पाठ निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का निर्देशन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना ने किया।भाषण प्रतियोगिता में किसान पीजी कॉलेज की छात्रा अवंतिका मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर डिमांक तिवारी तथा तीसरे स्थान पर अजरा बेबी रहीं। अकाल पाठ प्रतियोगिता में साक्षी गुप्ता प्रथम, शोभित पांडेय द्वितीय तथा प्राची मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में लजीना, द्वितीय स्थान पर शिवानी तथा तृतीय स्थान पर दुर्गा सिंह रहीं। इन प्रतिभागियों भाषण और एकल पाठ के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर 10000 द्वितीय स्थान पर 5000 तथा तृतीय स्थान पर ढाई हजार रुपए नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था है। निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर 5000 तृतीय स्थान पर

3000 और तृतीय स्थान पर ?2000 नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था है। प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार पांडे ने किया। निर्णायक मंडल में बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका की शिक्षिका अलका मौर्य तथा महिला पीजी कॉलेज बहराइच के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ श्याम कुमार चौधरी,ममता यादव, डॉ गजाला खातून शामिल रहे।कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटी संयोजक डॉ तस्नीम फातिमा जैदी, डॉ. सुमित श्रीवास्तव तथा अजय कुमार त्रिपाठी ने किया। प्रतियोगिता को संचालित करने में कालेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारी पंकज कुमार सिंह तथा सुभाष सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

## डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के निर्देश

**कौशांबी।** मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा वर्ष 2018 में एक सार्थक पहल करते हुए व्हाट्सएप पर सक्रिय समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को डिजिटल वालंटियर्स के रूप मे जोड़ा गया था। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इसी दिशा में पहल करते हुए फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता एवं पुलिस के सराहनीय कार्यों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित किए जाने के लिए युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज, विश्वविद्यालय के छात्रों को उ0प्र0 पुलिस का डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के सम्बन्ध मे प्रदेश के समस्त विभागाध्यक्ष और कार्यालय अध्यक्ष को महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए गए है। कहा है कि कॉलेज, विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रशिक्षित करने से इनमे आलोचनात्मक सोच को विकसित किया जा सकता है, जिससे वह किसी भी जानकारी का विश्लेषण और सत्यापन करके उ0प्र0 पुलिस के "डिजिटल वॉरियर" बनकर, साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज को रिपोर्ट कर सकेंगे। साथ ही सामाजिक दायरे में फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवारीजनों एवं मित्रों को भी जागरूक कर सकेंगे । महाकुंभ 2025 में जनपद प्रयागराज में डिजिटल वॉरियर के साथ उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एक पायलट प्रयोग किया गया है जो अत्यंत सफल रहा है और इसे अब प्रदेश स्तर पर भी लागू किया जा रहा है।

# मण्डलायुक्त ने की एक करोड़ से ऊपर की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

**आजमगढ़**

मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मण्डल के जनपदों में एक करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो परियोजनायें विलम्बित हैं तथा उसके लिए धनराशि भी आवंटित नहीं की जा रहा है तो उच्च स्तर पर तत्काल सम्पर्क कर ऐसी परियोजनाओं को पोर्टल से हटाने की कार्यवाही की जाय। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने मंगलवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित उक्त मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक में यह भी निर्देश दिया कि जो परियोजनायें पूर्ण हो चुकी हैं उसे तत्काल हैण्डओवर किया जाय, इसमें विलम्ब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई निर्माण कार्य ऐसे हैं जो पूर्ण हो चुके हैं, परन्तु पोर्टल पर डाटा फीडिंग में अपेक्षित ध्यान नहीं दिये जाने के कारण ऐसी परियोजनायें विलम्बित प्रदर्शित हो रहें, जिससे मण्डल एवं



जनपद की रैंकिंग पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस प्रकार की विपरीत परिस्थिति से बचने के लिए सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारी डाटा फीडिंग को स्वयं चेक करें। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्था उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के स्तर पर जनपद बलिया के बभनपुरा एवं चितबड़ागांव में निमार्णाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद मऊ में वन देवी जैव विविधता का सरंक्षण एवं विकास व वन देवी पार्क का जीर्णोद्धार तथा वन देवी में गेस्ट हाउस का निर्माण की प्रगति धीमी मिलने पर नाराजगी व्यक्त किया तथा निर्देशित किया कि यदि ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाय। इसी प्रकार उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के द्वारा जनपद आजमगढ़ के मार्टिनगंज तहसील में आवासीय भवन निर्माण की प्रगति अत्यन्त धीमी मिलने पर उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य चल रहा है अथवा नहीं, कार्य की गुणवत्ता आदि की जॉच अपर जिलाधिकारी, आजमगढ़ से कराई जाय। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने बैठक में परियोजना प्रबन्धक, सी एण्ड डीएस के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थओं को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में आगणन पंनरीक्षित है या धनराशि विलम्ब से मिल रही है या कोई टेक्निकल प्रॉब्लम है तो ऐसी परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु समय सीमा को बढ़ाने की कार्यवाही तत्काल की जाय।

इस अवसर पर अपर आयुक्त-प्रशासन शमशाद हुसैन, संयुक्त विकास आयुक्त धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मण्डलीय अर्थ एवं संख्या अधिकारी हेमन्त कुमार व डा. नीरज श्रीवास्तव सहित अन्य प्रशासकीय विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

## भाषण में अवंतिका, निबंध में लजीना तथा अकाल पाठ में साक्षी ने बाजी मारी

**बहराइच। उत्तर प्रदेश** सरकार के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई जानी है। इसी क्रम में किसान पीजी कॉलेज के डॉ.जे बी सिंह सभागार में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की ओर से एकल पाठ निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का निर्देशन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना ने किया।भाषण प्रतियोगिता में किसान पीजी कॉलेज की छात्रा अवंतिका मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर डिमांक तिवारी तथा तीसरे स्थान पर अजरा बेबी रहीं। अकाल पाठ प्रतियोगिता में साक्षी गुप्ता प्रथम, शोभित पांडेय द्वितीय तथा प्राची मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में लजीना, द्वितीय स्थान पर शिवानी तथा तृतीय स्थान पर दुर्गा सिंह रहीं। इन प्रतिभागियों भाषण और एकल पाठ के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर 10000 द्वितीय स्थान पर 5000 तथा तृतीय स्थान पर ढाई हजार रुपए नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था है। निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर 5000 तृतीय स्थान पर 3000 और तृतीय स्थान पर 2000 नगद पुरस्कार देने की व्यवस्था है। प्रतियोगिता का संचालन हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज कुमार पांडे ने किया। निर्णायक मंडल में बीएड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका की शिक्षिका अलका मौर्य तथा महिला पीजी कॉलेज बहराइच के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ श्याम कुमार चौधरी,ममता यादव, डॉ गजाला खातून शामिल रहे।कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटी संयोजक डॉ तस्नीम फातिमा जैदी, डॉ. सुमित श्रीवास्तव तथा अजय कुमार त्रिपाठी ने किया। प्रतियोगिता को संचालित करने में कालेज के शिक्षणेत्तर कर्मचारी पंकज कुमार सिंह तथा सुभाष सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

## मण्डलायुक्त ने की एक करोड़ से ऊपर की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

**आजमगढ़**

मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मण्डल के जनपदों में एक करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जो परियोजनायें विलम्बित हैं तथा उसके लिए धनराशि भी आवंटित नहीं की जा रहा है तो उच्च स्तर पर तत्काल सम्पर्क कर ऐसी परियोजनाओं को पोर्टल से हटाने की कार्यवाही की जाय। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने मंगलवार को अपने भी निर्देश दिया कि जो परियोजनायें पूर्ण हो चुकी हैं उसे तत्काल हैण्डओवर किया जाय, इसमें विलम्ब नहीं होना चाहिए। उ

# चरस की तस्करी के दो आरोपियों को दस-दस वर्ष का कारावास

### एक - एक लाख रुपए का अर्थ दंड भी लगाया, 2023 में हुई थी वारदात

**बहराइच। पुलिस तथा न्याय विभाग की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के** तहत थाना रुपईडीहा पुलिस व मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच की प्रभावी पैरवी पर एनडीपीएस एक्ट के 02 आरोपियों को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व एक लाख रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि के जिले में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा श्री प्रद्युम्न सिंह के निर्देशन में थाना रुपईडीहा के एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को 23 मार्च 2023 नेपाल राष्ट्र से भारत में प्रवेश करने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान एसएसबी चेकपोस्ट रुपईडीहा पर 3.75 किग्रा अवैध चरस के साथ पुलिस हिरासत में लेकर 24 मार्च 2023 को थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 80/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम-दुर्गा प्रसाद पुत्र तुल बहादुर व आशा रोका पुत्र धोथे के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था । विवेचना के उपरांत उ0नि0 शिवम त्रिपाठी द्वारा आरोप पत्र 09 अप्रैल 2023 को कोर्ट में प्रेषित किया गया था, जिसको कोर्ट द्वारा 01 अगस्त 2023 को विरचित किया गया । उक्त अभियोग में प्रभारी थाना रुपईडीहा, थाना पैरोकार आरक्षी अभिमन्यु, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल राहुल कुमार व विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मिश्रा द्वारा "आपरेशन कन्विक्शन" के आदेश के क्रम में प्रभावी पैरवी की गयी, जिसमें मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ/स्पेशल जज ईसी एक्ट द्वारा प्रत्येक अभियुक्तों को दोषसिद्ध पाये जाने पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1,00,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## बैंक के बकायदार चार किसानों के खेतों में लगाई गई लाल झंडी

**बहराइच।** ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त की शाखा रसूलाबाद के चार बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है। नीलामी के लिए खेत में लाल झंडी लगा दी गई है।

कैसरगंज तहसील के नायब तहसीलदार पीपी गिरी ने मंगलवार को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चंद्र चौधरी ,शाखा प्रबंधक अभिषेक सिंह, अमीन विजय शंकर वर्मा, अबू बकर, क्षेत्रीय लेखपाल संजीव बकायेदारों के यहां पहुंचे। उन्होंने नीलामी के लिए खेत में झंडी लगवाई गई।

नायब तहसीलदार पीपी गिरी ने बताया कि आर्यावर्त बैंक के बकायेदार बलराम बाबू निवासी दिकौली कला, किशन प्रसाद निवासी इस्लामाबाद, जगन्नाथ निवासी गौसपुर,दिनेश सिंह निवासी अरई उमरी के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गयी है। नायब तहसीलदार ने बताया की बकायेदारों को 21 दिन का समय दिया गया है। 21 दिन के बाद डुग्गी मुनादी करवाकर आरसी प्रपत्र 43 के तहत नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ महिला जनसुनवाई दिवस

**बहराइच। उत्तर** प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग बहराइच के निरीक्षण भवन में आयोजित महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति ने महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, महिला थाना अध्यक्ष मंजू यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

महिला जनसुनवाई दिवस के अवसर पर आयोग की सदस्य अंजु प्रजापति द्वारा थाना पयागपुर अन्तर्गत कृष्णानगर कालोनी निवासिनी रीतूका विश्वास पत्नी सुप्रेम विश्वास, थाना दरगाह शरीफ के ग्राम जौहरा पो. कटरा बहादुरगंज की नाजमा पत्नी खलील, थाना सुजौली के ग्राम राजाराम टाण्डा निवासिनी प्रतिमा पत्नी शिवचन्दर व थाना कैसरगंज के ग्राम अचेहरा दा. हैदरपुर नौबस्ता निवासिनी श्रीमती यासमीन रिजवी पुत्री साकिर पत्नी शानू अली से सम्बन्धित आवेदन पत्रों पर सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी थानों पर महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई प्राथमिकता पर की जाय ताकि उन्हें त्वरित गति से न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर महिलाओं के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्यवाही की जाय।

# ब्लॉक मुख्यालय स्थित त्रिलोचन स्तंभ का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया

**भांवरकोल/ गाजीपुर । ब्लॉक मुख्यालय स्थित सह**रमाडीह त्रिलोचन कीर्ति स्तंभ का तीसरा स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कुलदेवी की प्रार्थना एवं पूजन वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन -पूजन के साथ किया गया। इसके बाद सभी कश्यप गोत्रीय भू-ब्राह्मणों का एक सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में बोलते हुए किनवार समाज के संरक्षक अरविंद राय ने कहा कि किनवार वंश का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। जो समाज अपना इतिहास भूगोल भूल जाता है,उसका इतिहास स्वतः समाप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कीर्ति स्तंभ में बाली अन्न का प्रतीक है और फरसा वीरता का प्रतीक है।ब्राह्मण वही है जो समाज को किसान के रूप में अन्न, विद्वता और आवश्यकता पड़ने पर शस्त्र भी उठा सके।उन्होंने कहा कि किनवार कीर्तिस्तम्भ से सभी लोगो को जोड़ा जाएगा और इस वंश का कल्याण किस प्रकार हो सके जिसके लिए सार्थक प्रयास किया जाएगा । उन्होंने कहा कि यह समाज एकजुट होकर गरीबो असहायों की हरसंभव मदद करेगा। श्री राय ने कहा कि त्रिलोचन दीक्षित गढ़वाल वंश के नवरत्नों में से एक थे । इतिहास गवाह है कि काशी के दशाश्वमेघ घाट पर जो अश्वमेघ




यज्ञ हुआ था उसके मुख्य पुरोहित थे।उन्ही के वंशज मूलन दीक्षित ने हेमचंद को हराया था। जिसके बाद उन्हें सात सौ गांव मिले।इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सन्तोष राय ने कहा कि समाज के सक्षम लोग अपनी जिम्मेदारी उठाए। जिससे समाज के कमजोर लोगों की मदद संभव हो सके। इस मौके पर समाज के वीभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों संरक्षक अरविन्द राय एवं संन्तोष राय ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ राजेन्द्र राय द्वारा लिखित पुस्तक विचार बंध का लोकार्पण प्राख्यात साहित्यकार डॉ रामबदन राय और इंजीनियर अरविंद राय के हाथों किया गया। ज्ञात हो कि कीर्ति स्तंभ किनवार वंश की नींव डालने वाले त्रिलोचन दीक्षित की स्मृति में बना है।इतिहास के अनुसार कर्नाटक के ब्राह्मण वंशीय अमोघ दीक्षित के पुत्र त्रिलोचन दीक्षित की इच्छा उत्तर भारत मे बसने की हुई।अपने पिता में बसे जहाँ से कश्यप गोत्रीय किनवार वंश की नींव पड़ी।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी